

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

■ रायपुर,सोमवार 10 अप्रैल 2023 ■ वैशाख कृष्ण पक्ष -4 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-012 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 11 अप्रैल 2023 ₹ 1.00

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### वन विभाग के नए मुखिया को लेकर कवायद तेज

#### संजय अग्रवाल और श्रीनिवास राव के बीच होगा फैसला

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 10 अप्रैल।** राज्य के वन विभाग का मुखिया कौन होगा. इसको लेकर अब उठापटक तेज हो गई है। इधर वन विभाग में डीपीसी की तैयारियां चल रही है। मुख्यमंत्री ही अब अंतिम फैसला करेंगे। मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय शुक्ला अगले महीने अवकाश ग्रहण करने जा रहे हैं। इसके चलते अब यहां पर नए मुखिया की तलाश तेज हो गई है। सत्ता के गलियारों में अब नया मुखिया बनने के लिए कवायद तेज हो गई है। इस पद के लिए वाइल्ड लाइफ विभाग के मुखिया प्रमुख संजय अग्रवाल का नाम प्रमुखता से सामने आया है। श्रीनिवास राव भी दौड़ में शामिल हैं। वर्तमान पीसीसीएफ संजय शुक्ला को रेरा का चेयरमेन बनाए जाने की चर्चा है। भारसाधक मंत्री मोहम्मद अकबर के विरोध के बावजूद संजय शुक्ला को पीसीसीएफ बना दिया गया। उनका कार्यकाल सीमित दिनों का है। वर्तमान में वे कई योजनाएं चला रहे हैं। राज्य में लघु वनोपज संघ भी उनके पास हैं जिसमें तेंदूपत्ता संग्रहण किया जाता है। प्रदेश में मुख्य वन संरक्षक के पद के लिए भी डीपीसी हो गई है। वर्तमान में तपेश झा, ओझा सहित अन्य अधिकारी को पदोन्नति मिल जाएगी। मुख्यमंत्री की व्यस्तताओं के कारण इस पर हस्ताक्षर होने बाकी है।





# बेमेतरा में हिंसक घटना के विरोध में छत्तीसगढ़ बंद सफल

**रायपुर,10 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

बेमेतरा जिला के बिरनपुर हिंसा के विरोध में विश्व हिंदू परिषद ने सोमवार को छत्तीसगढ़ बंद का एलान किया। राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के बेमेतरा, कवर्धा, बालोद, दुर्ग-भिलाई, कोंडागांव, कांकेर, दंतेवाड़ा में बंद का असर सुबह से ही देखा गया। पेटोल पंप, दुकानें व सब्जी मार्केट सहित अन्य प्रतिष्ठान सुबह से ही बंद रहें। इधर, रायपुर में भी वीएचपी के साथ भाजपा कार्यकर्ता बंद को लेकर सड़क पर उतरे और दुकानों को बंद कराया। इस दौरान भाठागांव बस स्टैंड पर यात्री बस चलने से नाराज प्रदर्शनकारियों ने बसों पर पत्थर फेंककर शीशे तोड़ दिए। इसके बाद यात्री बसों के पहिए थम गए। इससे बस बंद होने से यात्रियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं रायपुर में कई स्कूलों को बंद कर दिया गया। बेमेतरा जिले में वीएचपी के कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकालकर दुकानों को बंद कराया।



### बंद को लेकर पुलिस ने की तगड़ी व्यवस्था

विश्व हिंदू परिषद के छत्तीसगढ़ बंद को लेकर रायपुर में सुरक्षा को लेकर पुलिस ने तगड़ी व्यवस्था कर रखी थी। जगह-जगह पर पुलिस बल की तैनाती के साथ ही पेट्रोलिंग और कुछ स्थानों पर फिक्स पिकेट को तैनात किया गया था, ताकि कहीं भी किसी नागरिक को परेशानी होगी तो स्थानीय थाना प्रभारी से या जिला कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 9479191099) से संपर्क कर अपनी परेशानी से अवगत करा सकें। एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने लोगों से अपील है कि बंद के दौरान शांति और सदभाव बनाये रखें।

### विहिप ने किया छत्तीसगढ़ बंद का एलान

विहिप के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर वर्मा ने घटना की न्यायिक जांच कराने, दोषियों पर कार्रवाई करने और राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की है। विहिप ने सुबह 11 से शाम पांच बजे तक चक्काजाम करने की भी घोषणा की थी। विहिप के बंद को छत्तीसगढ़ चैंबर आफ कामर्स का समर्थन नहीं मिला है। चैंबर आफ कामर्स के अध्यक्ष अमर परवानी ने कहा, हम दोषियों पर कार्रवाई की मांग करते हैं। इधर, भाजपा के नेताओं ने राजधानी के जयस्तंभ चौक में एकत्र होकर बंद का आह्वान किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव ने आरोप लगाया कि सरकार प्रदेश को तालिबान बना रही है। इसके जवाब में कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि संघ पोषित राजनीतिक गिद्ध माहौल बिगाड़ने को घरों से निकले हैं।

### मुख्यमंत्री ने की शांति बनाए रखने की अपील

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जो घटना घटी है वह नहीं होनी चाहिए थी। दो बच्चों की लड़ाई में एक नौजवान की हत्या हो गई। जो शिकायतें मिली हैं उसके आधार पर कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन घटनाक्रम पर नजर रखे हुए है। सोमवार को विश्व हिंदु परिषद के छत्तीसगढ़ बंद को लेकर रायपुर पुलिस ने तगड़ी व्यवस्था की है।

### रायगढ़ में दिखने लगा छत्तीसगढ़ बंद का असर !

**रायगढ़।** प्रदेश के बेमेतरा जिले के साजा थाना क्षेत्र अंतर्गत बिरनपुर गांव में हिंदू और मुसलमान समुदाय के बीच हुई हिंसक झड़प में एक युवक की मौत हो गई थी। जिसके बाद से घटना को लेकर विश्व हिंदू परिषद और हिंदू संगठनों ने आज राज्यव्यापी बंद के आह्वान किया था। जिसका समर्थन व्यापारी वर्ग भी आज करता दिख रहा है। सुबह से ही शहर की लगभग सभी दुकानें बंद है। विश्व हिंदू परिषद व अन्य संगठन के युवा शहर की सड़कों पर घटना का विरोध जताते नजर आ रहे हैं। खुली दुकानों को बंद कराया जा रहा है।



# 4 पहाड़ी कोरवा की मौत की न्यायिक जांच की मांग,राज्यपाल से मिले भाजपा सांसद और विधायक

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 10 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष सहित नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने आज राज्यपाल से मिलकर जशपुर में गत दिनों हुई पहाडी कोरबा आत्महत्या के प्रकरण की न्यायिक जांच की मांग की है। बेमेतरा जिले में हुई हिंसक वारदात के पश्चात बिगड़ती कानून व्यवस्था की भी जानकारी दी।

नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने बताया कि गत दिनों भाजपा विधायकों का दल जशपुर गया था जहां कोरवा आदिवासियों की मौत के मामले की जांच की गई। जांच में पाया गया कि इन आदिवासियों की मौत भूख से हुई है। आज इसी प्रकरण को लेकर भाजपा के विधायकों ने राज्यपाल को एक ज्ञापन सौंपा है। चंदेल के अनुसार इस पूरे प्रकरण की न्यायिक जांच की मांग की गई है। भाजपा विधायक दल ने ज्ञापन में कहा है कि इस मौत के बाद पहाड़ी कोरवा आदिवासियों में भय का माहौल है। पहाड़ी कोरवा एक संरक्षित जनजाति है। जो कि राष्ट्रपति के पुत्र के रूप में जाने जाते हैं। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे। नेता प्रतिपक्ष ने बताया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव बेमेतरा जिले के बीरनपुर गांव जाएंगे जहां वे वस्तुस्थिति की जानकारी लेंगे। ज्ञात रहे बेमेतरा के ग्राम बीरनपुर में हुई हिंसक झड़प के पश्चात् छग बंद का आह्वान आज किया गया जिसके चलते पूरे प्रदेश में बंद का असर दिखाई दिया। चुनाव के पहले इस घटना को लेकर सत्तारूढ़ दल काफी चिंतित है।



**पहाड़ी कोरवा की मौत काफी दर्दनाक घटना- रमन सिंह**-मुलाकात के बाद पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने कहा कि चार पहाड़ी कोरवा की मौत काफी दर्दनाक घटना है। मुख्यमंत्री ने उनसे मिलने का कार्य अब तक नहीं किया है. वर्तमान में जांच और पीएम रिपोर्ट की समय सीमा तय करके उसे मंगवाया गया है. जब तक इस घटना की सूक्ष्म जांच नहीं होगी, तब तक सच्चाई सामने नहीं आएगी. पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने कहा कि घटना के बाद मुख्यमंत्री को अपने पद में रहने का अधिकार नहीं है. हमने राज्यपाल के पास चिंता व्यक्त की है और बताया कि आतंक फैलाने की कोशिश कर रहे हैं.

**नारायण चंदेल ने सरकार पर बोला हमला-** वहीं नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा कोई रोजगारमूलक काम नहीं किया गया. निश्चित रूप से उन्हें खाद्यान्न नहीं मिल पा रहा है. दूरस्थ अंचलों में कोई भी विकास के कार्य नहीं चल रहे हैं. राज्य सरकार के राज में अगर इस प्रकार की मौत होती है तो प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अपने पद पर रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है. वहीं चंदेल ने राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपने पर कहा कि राज्यपाल से निवेदन किया है हमने. इसके लिए पूर्ण रूप से राज्य सरकार जिम्मेदार है. मुख्यमंत्री 6 अप्रैल को जशपुर जिले में गए थे. मुख्यमंत्री के पास इतनी फुर्सत नहीं है कि वह 10 मिनट जाकर परिवार के परिजनों से मिलें. यह मुख्यमंत्री द्वारा संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है. बता दें कि इस दौरान नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह, पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक सहित विधायक सांसद मौजूद रहे।




## एक नजर

### प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया आयोजन



**कवर्धा, 10 अप्रैल।** अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक छ.स. बल पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर के आदेश अनुसार Ek Bharat Shreshtha Bharat" Cultural E&change between State Police Force Cultural E&change के अंतर्गत चतुर्थ चरण दिनांक-27.03.2023 से 15.04.2023 तक प्रशिक्षण हेतु जिला दुर्ग रेंज दुर्ग को आवंटित किया गया है। जिसमें गुजरात से आने वाले 15 पुलिस कर्मियों का अलग-अलग दिन रेंज के अलग-अलग जिला/कार्यालयों/ थानो में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में कबीरधाम जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे के मार्गदर्शन में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया श्री पंकज पटेल के द्वारा पुराना पुलिस लाइन में स्थित फोर्स एकेडमी परिसर में दिनांक-08.04.2023 को एक दिवसी प्रशिक्षण कार्यक्रम Ek Bharat Shreshtha Bharat" Cultural E&change between State Police Force प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गुजरात पुलिस के 15 पुलिसकर्मी प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित हुए, जिनका कबीरधाम पुलिस की ओर से स्वागत कर कबीरधाम पुलिस के द्वारा किये जाने वाले विभिन्न सामुदायिक पुलिसिंग के माध्यम से संचालित फोर्स एकेडमी, चाइल्ड विंग, ग्राम खेल समिति, शांति कक्ष, वनांचल क्षेत्र के युवक-युवतियों को शिक्षा के प्रति जागरूक कर ओपन परीक्षा में सम्मिलित करा शिक्षा के महत्व की जानकारी प्रदान कर जागरूकता अभियान के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान कर अपराधी गतिविधियों पर पूर्णता अंकुश लगाने, तथा जनता पुलिस के बीच बेहतर संबंध स्थापित कर अपराधियों के इरादों को नाकामयाब किया जा सकता है, के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

### महिला से 1.94 लाख की ठगी

**भिलाई, 10 अप्रैल।** भिलाई अंग्रेजी विषय की व्याख्याता से एक शातिर ने आनलाइन ठगी. की है। आनलाइन कंपनी मीशों से सामान खरीदने के बाद व्याख्याता के खाते से रुपये काट लिए गए थे, लेकिन सामान नहीं मिला था व्याख्याता ने गूगल से कस्टमर केयर का नंबर निकाला और फोन कर संपर्क किया तो साइबर ठग ने कंपनी का अधिकृत कर्मचारी बनकर एड्रेस सपोर्ट नाम का एप्लीकेशन डाउनलोड करवाया और उसकी मदद से दो किस्तों में महिला के खाते से रुपये निकाल लिए घटना की शिकायत पर पद्मनाभपुर पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी की है पुलिस ने बताया कि समृद्धि बाजार शीतला मंदिर के पास सिविल लाइन निवासी अंग्रेजी की व्याख्याता चंद्रभामा पटेल ने आनलाइन कंपनी मीशो से कोई सामान खरीदा था आनलाइन भुगतान करने के बाद भी सामान की डिलीवरी नहीं हुई शिकायतकर्ता ने 14 फरवरी 2023 को गूगल से कंपनी का नंबर सर्च कर उस पर फोन किया फोन पर बात कर रहे आरोपित ने महिला के मोबाइल पर एक लिंक भेजा और उस लिंक की मदद से एड्रेस सपोर्ट नाम का एप्लीकेशन डाउनलोड करवाया इसके बाद आरोपित ने 16 फरवरी को दो किस्तों में महिला के खाते से एक लाख 94 हजार रुपये निकाल ।

### महिला कांग्रेस ने शोकाकुल परिवार को दी सांत्वना

**कवर्धा, 10 अप्रैल।** शहर महिला कांग्रेस की सक्रिय कार्यकर्ता चंद्रिका रजक की पति की कल अचानक निधन हो जाने पर आज शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष रानू दुबे ने उनके निवास वार्ड 06 में पहुंचकर गहरा दुख व्यक्त करते हुए स्वजनो को सांत्वना दी,साथ ही ढाढस बधाते हुए कहा की आप लोगो के इस दुख की घड़ी में हम सभी आप लोगो के साथ है,हर संभव मदद करेंगे, साथ ही हमारे केबिनेट मंत्री कवर्धा विधायक से भी कुछ सहयोग कराने की सार्थक प्रयास करेंगे । इस मौके पर नगर पालिका उपाध्यक्ष वार्ड पार्षद जमील खा,मन्नू बक्सी,शहर महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रचना कोसले, रोशनी मरावी त्रिवेणी मानिकपुरी नौशाद खान,महासचिव संतोषी मानिकपुरी सभी ने रजक परिवार को सांत्वना दी

# भिलाई में दिखा बंद का असर





**भिलाई, 10 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के बेमेतरा में हुई हिंसक घटना के बाद विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने छत्तीसगढ़ बंद का आह्वान किया जिसे लेकर सुबह 11 बजे बजरंग दल के कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे और आम जनता से अपनी दुकानों को बंद करने की अपील की। वहीं इस बंद को भारतीय जनता पार्टी का भी समर्थन मिला है। उल्लेखनीय है कि 2 दिन पहले बेमेतरा के साजा में दो समुदायों के बीच आपसी विवाद हुआ विवाद के बाद समुदाय विशेष के युवक भुवनेश्वर की हत्या कर दी गई जिसके बाद इलाके में अशांति फैल गई जिसको देखते हुए छत्तीसगढ़ विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने एकदिवसीय छत्तीसगढ़ बंद का आवाहन किया है जिसका असर दुर्ग में मिलाजुला देखने को मिला। बंद का भिलाई चैम्बर ने भी समर्थन किया जिसका व्यापक असर देखा गया।

# सड़क निर्माण के समर्थन में मजदूरों ने किया चक्काजाम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**पाटन,10 अप्रैल।** खारून नदी के तट पर बसे गांव तरीघाट जहां पर भाटापारा वार्ड नं 1 में जहां आधी आबादी रहती है व राहगीरों सहित आम जनमानस को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मनरेगा के तहत सड़क निर्माण किया जा रहा है,परंतु उसी जगह के बगल में अवैध रूप से कब्जा कर रह रहे एक ही परिवार के लोगों ने सड़क निर्माण में रोड़ा बन कर महौल खराब कर दिया एवं काम को रूकवाने का प्रयास करने लगे, ज्ञात हो कि उक्त रास्ते मे मुख्य मार्ग से अंदर मे 100 से अधिक घर निवासरत है,जो एक किलोमीटर दूर से घूम कर आना जाना पड़ता है, जिसको लेकर सरपंच व ग्रामीणों की सहायता से सड़क बनवाया जा रहा था,उक्त परिवार के महिलाएं व पुरुषों ने सरपंच अशोक साहू के साथ बेवजह वाद विवाद करना शुरू कर दिया,जबकि जिस जमीन पर सड़क बनाया जा रहा है ,वो शासकीय घास जमीन है,पटवारी ने मौके पर उन्हें समझाने की कोशिश की, जमीन शासकीय है,परंतु कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर रखें है,इसलिए वे विरोध कर रहे थे, जिस पर भारी संख्या में मनरेगा मजदूर मौके पर मौजूद रहे,विवाद बढ़ता देख तत्काल मौके पुलिस बल पहुंची व अतिक्रमण कारियों को को समझाइश दी कि शासकीय काम में बाधा उत्पन्न ना करे लेकिन वे महौल खराब करने में लगे रहे, जिस पर अशोक साहू के नेतृत्व में सभी पंचो व मनरेगा मजदूरों ने पाटन अभनपुर मार्ग पर चक्काजाम कर ,राहगीरों को दिक्कतों का सामना करते देख एसडीएम विपुल गुप्ता ने फोन के माध्यम से आश्वस्त किया कि अगले दिन पूरे दलबल के साथ आकर अवैध कब्जा हटाने को कहा, तब जाकर मजदूरों माने ,परंतु अगर कब्जा तत्काल नहीं हटाया जाएगा तो पुनः चक्काजाम कर उग्र प्रदर्शन करने की चेतावनी शासन प्रशासन को दी ।

# कर्मा महोत्सव करेला में मनाया गया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 10 अप्रैल।** जामगांव आर परिक्षेत्रीय में भव्य कर्मा महोत्सव ग्राम करेला में 9 अप्रैल को मनाया गया । 21इकाई सहित पाटन तहसील से पहुंचे साहू समाज के लोगो ने सुबह भव्य कलश यात्रा से कर्मा महोत्सव प्रारंभ हुआ ग्राम भ्रमण के बाद कार्यक्रम स्थल में महा आरती से कार्यक्रम की शुरुआत किए । आयोजन परिक्षेत्रीय साहू संघ जामगांव आर के अध्यक्ष रविशंकर साहू के नेतृत्व में , आयोजन के प्रभारी रामनाथ साहू,स्थानीय करेला अध्यक्ष दिलीप साहू , परिक्षेत्र के उपाध्यक्षद्वय मनीष साहू, श्रीमती भुनेश्वरी साहू सहित समस्त परिक्षेत्रीय पदाधिकारीगण एवम् ग्राम करेला बीजाभाठा के समस्त पदाधिकारीगण सफल आयोजन में लगे रहे ,विशाल कर्मा भोजन भंडारा की व्यवस्था किया गया था ।कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत और उत्बोधन हुआ अतिथि में प्रमुख रूप से जिला साहू संघ अध्यक्ष नंदलाल साहू ने कहा की साहू समाज मेहनती समाज है और हमारे समाज का मूल मंत्र सामाजिक समरसता है हम सभी समाज को लेकर चलते है मुख्यमंत्री के ओएसडी आशीष वर्मा ने कहा कि साहू समाज बड़ा समाज है भक्त माता कर्मा की जयंती हर्षोल्लास पूर्वक मानते है जिसमे हम सभी को भी शामिल होने का सौभाग्य मिलता है समाज प्रमुखों के मांग पर कहा की साहू समाज सहित किसी भी समाज के सामाजिक भवन के लिए राशि की कमी नहीं होगी सामाजिक गोठ बात के लिए सामाजिक भवन समाज के मंशानुरूप बनाने शासन से राशि स्वीकृत किया जावेगा । जिला पंचायत सदस्य अशोक साहू , तहसील साहू संघ अध्यक्ष दिनेश साहू ,न्याय प्रकोष्ठ संयोजक धनराज साहू ,जिला प्रतिनिधि गंगादीन साहू, महासचिव , खेमलाल साहू, तहसील साहू कार्यकारी अध्यक्ष लालेश्वर साहू , पूर्व तहसील अध्यक्ष अश्वनी साहू , जिला उपाध्यक्ष दिव्या कलिहरी तहसील उपाध्यक्ष श्रीमती सरिता साहू ,तहसील उपाध्यक्ष गुलाब साहू ,आदि थे।

# चंद्रकला ने 8 घंटे तैरकर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराया नाम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**पाटन,10 अप्रैल।** 15 वर्षीय चंद्रकला ने 9 अप्रैल की सुबह तालाब में लगातार 8 घंटे तैरकर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किया। वह रविवार सुबह सुबह 5 बजे तालाब में उतरी और लगातार तैरने के बाद दोपहर 1 बजे बाहर आई। इसके बाद उसे वर्ल्ड रिकॉर्ड का सर्टिफिकेट दिया गया। चंद्रकला छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिला अंतर्गत एक छोटे से गांव पुरई की रहने वाली है। उसके तैराकी के कोच खुद उसके चाचा हैं। चंद्रकला ने एक इंटरव्यू में बताया था कि वो अपने गांव के ईश्वर नाम के लड़के का लगातार 6 घंटे तक तैरने का रिकॉर्ड तोड़ेगी। इस रिकॉर्ड को दर्ज करने के लिए गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम 8 अप्रैल की रात को ही पुरई गांव पहुंच गई थी। अगली सुबह टीम ने एक मोटर बोट में कैमरा लगाया। इसके बाद सुबह 5 बजे से चंद्रकला तालाब में तैरने के लिए उतरी। उसने 8 घंटे लगातार स्विमिंग करके गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किया।

### सीएम कर चुके हैं खेल एकेडमी शुरू करने की घोषणा

बीते 2 अप्रैल दिन पहले ही छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का भेंट मुलाकात कार्यक्रम इसी पुरई गांव में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में सीएम यहां के बच्चों की खेल भावना की काफी प्रशंसा की थी। उन्होंने इस गांव में एक खेल एकेडमी भी शुरू करने की घोषणा की है। इसके बाद अब जल्द ही यहां के बच्चों को स्वीमिंग पूल के साथ ही अन्य सुविधाएं मिल पाएंगी।

### गृहमंत्री भी पहुंचे बच्ची को बधाई देने

चंद्रकला को बधाई देने के लिए खुद गृहमंत्री ताम्रध्व साहू पुरई गांव पहुंचे। उन्होंने कहा कि ये काफी गौरव का क्षण है कि छत्तीसगढ़ के अंदर पुरई गांव की एक बच्ची ने ये रिकार्ड बनाया है। इसमें शामिल हुए महापौर श्रीमती शशि सिन्हा केश कला बोर्ड के अध्यक्ष आनंद कुमार सेन श्रम कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष केशव बंटी हरमुखजनपद पंचायत दुर्गा के अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख जिला पंचायत दुर्गा की कृषि सभापति श्रीमती योगिता चंद्राकर जनपद पंचायत दुर्गा के उपाध्यक्ष श्रीमती जन्नत गायकवाड प्लॉटिंग विद एकेडमी के संरक्षक हर्ष साहू अध्यक्ष दिवाकर गायकवाड सरपंच पूरई श्रीमती उमा रिगरी आसपास के खेल जगत के जुड़े नागरिक सीमा दवे प्राचार्य शासकीय स्तर माध्यमिक विद्यालय पूरई अपने स्टाफ के साथ फ्लोटिंग विंग भी क्लब के बच्चे एवं खेल जगत के जुड़े नागरिक और गांव के ही नागरिक संतोष कुमार साहू मेडिकल स्टोर उतई से खुशी होकर 100 रुपय का ईनाम भी दिय तुम गांव के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# खेल युवाओं की प्रतिभा सामने लाने का सशक्त माध्यम है: नीलू चंद्रवंशी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,10 अप्रैल।** युवाओं में खेल भावना को प्रोत्साहित करने जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नीलू चंद्रवंशी पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पथररी में युवाओं द्वारा आयोजित रात्रिकालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष नींलु चंद्रवंशी सम्मिलित हुए, खिलाडियों एवं आयोजक टीम ने मुख्यातिथि श्री चंद्रवंशी जी का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। श्री चंद्रवंशी द्वारा टास कराकर उद्घाटन मैच प्रारंभ किया गया। उद्घाटन मैच मक्के और अमलीमालगी एवं महली और मोहंगाव के बीच खेला गया। प्रतियोगिता का प्रथम पुरुस्कार 30001 रुपये एवं शील्ड नीलू चंद्रवंशी अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी कवर्धा द्वारा प्रदान किया जाएगा एवम द्वितीय पुरुष्कार सरपंच रामप्रसाद कुर्रे द्वारा 15001रु नगद एवम शील्ड प्रदान किया जाएगा, साथ ही अच्छे प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मैन ऑफ द सीरीज , हैट्रिक छक्का हैट्रिक चौका, हैट्रिक विकेट के लिए सम्मानित किया जाएगा । जिलाध्यक्ष नीलू चंद्रवंशी ने अपने संबोधन में कहा स्वस्थ शरीर के लिए खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जिससे शारीरिक एवम मानसिक विकास होता है। जीवन में पढ़ाई लिखाई के साथ साथ खेल भी जरूरी है। खेल में प्रत्येक खिलाड़ी के अंदर खेल भावना होना चाहिए खेल भावना की वजह से ही एक खिलाड़ी अपने जीवन में आगे बढ़ सकता है खेल से हमे अनुशासन सीखने को मिलता है इसलिए खेलते समय किसी को धोखा ना दे खेल को ईमानदारी से खेलते हुए आगे बढ़ने चाहिए । कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष नीलू चंद्रवंशी के साथ, राजा भूपेंद्र शाह,प्रशांत खांडे जनपद प्रतिनिधि,सरपंच श्री रामप्रसाद कुर्रे, चमरू यादव, अजय कोसले टीकम शर्मा, गोपाल चंद्रवंशी, जलेश यादव, पप्पू यादव,हेमलाल यादव, सहित क्षेत्रीय जन एवं आयोजक टीम के समस्त खिलाड़ी उपस्थित रहे।

### पुलिस की सक्रियता से अवैध शराब विक्रेता पकड़ाया



**कवर्धा,10 अप्रैल।** डॉ लाल उमेद सिंह द्वारा नशा-मुक्ति अभियान के दौरान अवैध शराब विक्रेताओं पर कार्यवाही करने आदेश मिलने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला जगदीश उईके के निर्देशन पर थाना प्रभारी बोड़ला निरीक्षक व्यास नारायण चुरेंद्र के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक नवरत्न कश्यप द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों का आदेश का पालन करते हुए* पुलिस टीम के द्वारा दिनांक 09/04/23 को कस्बा भ्रमण के दौरान *जरिये मुखबिर से सूचना मिला की गायत्री पब्लिक स्कूल के सामने ग्राम पोंडी के पास एक व्यक्ति* अपने कब्जे में अवैध शराब रखकर अवैध धन अर्जित करने के लिए शराब बिक्री कर रहा है की मौके पर जाकर घेराबंदी कर रेड करवाई किया गया *आरोपी मिलाउ राम कोशले पिता कोंदा कोशले उम्र 60 वर्ष ग्राम रहंगी चौकि पोड़ी के कब्जे से 15 पौवा देसी प्लेन मदिरा एवं बिक्री रकम 110 रुपये जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया।

# हाफ बिजली बिल का लाभ न मिला तो जारी रहेगा आंदोलन:प्रेमप्रकाश



**भिलाई, 10 अप्रैल।** टाउनशिप के निवासियों को 2019 से हाफ बिजली बिल का लाभ मिलना चाहिए। उक्त बातें रविवार को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने फेसबुक लाइव के माध्यम से भिलाई वासियों से रूबरू होने के दौरान कहीं। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा गत दिन बीएसपी के घरेलू उपभोक्ताओं के बिजली बिल हाफ के केबिनेट में प्रस्ताव लाने की घोषणा को भिलाई वासियों की जीत बताया। पाण्डेय ने कहा कि टाउनशिप के नेता और अधिकारी के पिछले साढ़े 3 साल से ज्यादा समय तक लोगों को गुमराह करते रहे। अधिकारियों का उनका कहना था कि जब तक बीएसपी की सप्लाई लाइन सीएसपीडीसीएल को नहीं दी जाती तब तक बीएसपी टाउनशिप के घरेलू उपभोक्ताओं को हाफ बिजली बिल का लाभ नहीं दिया जा सकता। उन्होंने कहा कि हमने पहले भी इस मामले को जनता के सामने लाने की कोशिश की थी, जिसका अब लाभ अब लोगों को मिलने वाला है। पाण्डेय ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 400 यूनिट तक बिजली बिल में छूट दी है। जिसका लाभ बीएसपी टाउनशिप के घरेलू उपभोक्ताओं को भी अवश्य मिलना चाहिए। यह उनका संवैधानिक अधिकार है। राज्य सरकार किसी भी दो कंपनियों के बीच भेदभाव नहीं कर सकती। हमने कोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी आज उसी दबाव के चलते सरकार ने यह निर्णय लिया है। हमारी मांग है कि यह छूट वर्ष 2019 से टाउनशिप के रहवासियों को मिलनी चाहिए। अगर यह प्रस्ताव 1 मार्च 2023 से टाउनशिप वासियों को मिलता तो यह प्रस्ताव उचित नहीं है। यह सिर्फ आने वाले दो-चार महीनों के चुनाव को देखकर किया जा रहा है। अगर राज्य सरकार 2019 से लागू हुए हाफ बिजली बिल का लाभ नहीं देती हैं तो हम आगे इस आंदोलन को जारी रखेंगे।

### चोरों का सुराग नहीं मिला

**भिलाई, 10 अप्रैल।** भिलाई स्मृति नगर में वालपेपर व्यापारी के घर चोरी के मामले में पुलिस को आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिला पुलिस उन लोगों से पूछताछ कर रही हैं।

जो व्यापारी के घर में काम करते हैं व्यापारी ऑफिस गया था घर सूना पाकर चोरों ने दिन दहाड़े 35 लाख रुपए नकद और लाखों रुपए के ज्वेलरी पर हाथ साथ कर दिया। स्मृति नगर प्रभारी प्रमोद श्रीवास्तव मे बताया कि मामले में आस पास लगे सीसीटीवी कैमरा खंगाले जा रहे ।

# साढ़े चार वर्षों के कार्यकाल में विधायक ममता ने पंडरिया विकास के कई कार्य कराए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,10 अप्रैल।** पंडरिया विधायक ममता मनोज चंद्राकर 2018 के विधानसभा चुनाव में विधायक चुनने के बाद क्षेत्र में अंधाधुंध दौरा कर वनांचल,ग्रामीण एव शहरी क्षेत्रों में विकास को गति दी विधायक ममता/मनोज चंद्राकर पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सड़क,स्वास्थ्य,शिक्षा,कृषि, सामाजिक,सार्वजनिक एव बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्रो में विकास कार्य की सौगात क्षेत्रवासियों को दी ममता/मनोज चंद्राकर पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अभी तक के ऐसे विधायक होंगे जो लगभग विधानसभा क्षेत्र की प्रत्येक गांवो तक दौरा कर चुकी है विधायक ममता/मनोज चंद्राकर द्वारा *विकासखण्ड पंडरिया* अंतर्गत कार्य गए विकास कार्य पंडरिया के बजाग मार्ग लागत राशि 128 करोड़ रुपए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पांडातराई लागत राशि 75 लाख रुपए प्राथमिक स्वाश्य केंद्र किशुनगढ़ लागत राशि 75 लाख रुपए सराईसेत से कुकदुर तक पहुंच मार्ग लागत राशि 15 करोड़ सराईत से कापादह पहुंच मार्ग लागत राशि 15 करोड़ पिपरमाटी से सैन्हामालगी पहुंच मार्ग लागत राशि 18 करोड़,86 पहुंच मार्ग संधारण से लागत राशि 56 करोड़ किशुन गढ़ में अनुसूचित जाति हॉस्टल लागत राशि 1.60 करोड़ दुल्लापुर, सुकली गोविंद,पनेका कोलेगांव में हाईस्कूल भवन निर्माण दुल्लापुर,सुकली गोविंद सराईसेत,दुल्लापुर,पनेका, खैरझिट्टी नया,रमतला,कामठी,कुवामलगी दामापुर में नया सोसायटी नवागांव टिकैत,पटवा,महिडबरा में नया उपार्जन केन्द्र सभी उपार्जनकेंद्रो में चबूतरा,शेड एव गोदाम भवन निर्माण लागत राशि 5 करोड़ कुण्डा एव कुकदुर को पूर्ण तहसील का दर्जा पंडरिया को नगरपालिका का दर्जा कुण्डा में कॉलेज की स्वीकृति दामापुर में जिला सहकारी बैंक बल्लवभाई पटेल शकर कारखाना पंडरिया में मण्डी बोर्ड द्वारा गोदाम भवन लागत राशि 5 करोड़ एव लोकनिर्माण विभाग द्वारा स्टॉप क्वाटर लागत राशि 5 करोड़ सूरजपुरा ( महली ) में वेयर हाउस गोदाम भवन ( 5400 मिट्रिक टन ) लागत राशि 3 करोड़



पंडरिया मण्डी में मण्डी बोर्ड द्वारा 1000 मिट्रिक टन गोदाम भवन निर्माण लागत राशि 46 लाख,मण्डी बोर्ड द्वारा कुई,कामठी,मझोली रवन में हॉट बजार लागत राशि 1.20 करोड़ मुख्य मार्ग से रौहा तक सी सी रोड लागत राशि 63 लाख कामठी से मुनमुना पहुंच मार्ग पर पुलिया निर्माण लागत राशि 5.50 करोड़ कोदवागोडान से बिरेनबाह पहुंच मार्ग पर पुलिया निर्माण लागत राशि 5.50 करोड़ कुल्ही डोंगरी से कूल्ही नाला पहुंच मार्ग पर पुलिया निर्माण 51.52 लाख सोनपुरी ( मोहगांव ) फोक नदी राजो दाई मंदिर पहुंच मार्ग पर पुलिया निर्माण लागत राशि 51.52 लाख पंडरिया में अंग्रेजी माध्यम आत्मानंद स्कूल लागत राशि 90 लाख कोदवागोडान में हिंदी माध्यम आत्मानंद स्कूल लागत राशि 70 लाख मरका से कुण्डा तक पहुंच मार्ग एडीबीपी मद से लोकनिर्माण द्वारा महका से कापादह तक 13 किलो मीटर प्रधानमंत्री सड़क लागत राशि 7.37 लाख धौराबंद से बंशापुर होते हुए प्राणखैरा तक 36 किलोमीटर पहुंच मार्ग लागत राशि 5.54 करोड़ मुख्य मार्ग से बरेजहा,भरेवापारा,करपी तक 7 किलोमीटर पहुंच मार्ग लागत राशि 5.84 करोड़ सिंगपुर छिरहा से कुल्हि डोंगरी तक 10.75 किलोमीटर पहुंच मार्ग लागत राशि 15.28 करोड़ बाघामुडा से नेऊरगांव तक 2.75 किलोमीटर पहुंच मार्ग लागत राशि 3.18 करोड़ किशनगढ़ से नेऊरगांव तक 3 किलोमीटर पहुंच मार्ग लागत राशि 3.50 करोड़ पंडरिया हरीननाला में पुलिया निर्माण लागत राशि 1.10 करोड़ सभी उपार्जन केन्द्रों में शेड एव गोदाम निर्माण लागत राशि 130 लाख मुख्य मार्ग से बिसेशरा पहुंच मार्ग लागत राशि 62.20 लाख

*विकासखण्ड कवर्धा* अंतर्गत चचेडी में नया सोसायटी इंदौरी को नगर पंचायत की दर्जा कोयलारी में हॉट बजार लागत राशि 30 लाख धौराबंद हॉटबजार लागत राशि 42 लाख चचेड़ी से खपरी पहुंच मार्ग पर पुलिया निर्माण लागत राशि 5.50 करोड़ सोनपुरी भूड़कूड़ा लोकनिर्माण विभाग मार्ग लागत राशि 6.50 करोड़ पनेका बिटकुली खुर्द लोकनिर्माण विभाग मार्ग लागत राशि 2 करोड़ धौराबंद से कृतबंधा लोकनिर्माण विभाग मार्ग लागत राशि 6.06 करोड़ मरका से सैन्हामालगी तक 3 किलोमीटर पहुंच मार्ग लागत राशि 3.50 करोड़ उपार्जन केन्द्रों में शेड एव गोदाम निर्माण लागत राशि 75.00 लाख बिटकुली कला से बिटकुली खुर्द के मध्य पुलिया निर्माण लागत राशि 2.50 करोड़ झलमाला से घोरेवारा के मध्य पुलिया निर्माण लागत राशि 3.00 करोड़,कुआ से कोयलारी तक पहुंच मार्ग लागत राशि 2.70 करोड़,नवागांव से गोपाल भावना तक पहुंच मार्ग लागत राशि 3.60 करोड़ धौराबंद से पटवा तक पहुंच मार्ग 3.77 करोड़ बीरनपुर से इंदौरी तक पहुंच मार्ग लागत राशि 7.12 करोड़ और विकासखण्ड लोहारा* अंतर्गत धरमगढ़ में नया सोसायटी गौरमाटी, गोरखपुर कला में नया उपार्जनकेंद वीरेंद्र नगर से पटपर तक पहुंच मार्ग लोकनिर्माण विभाग द्वारा 3.50 करोड़ गौरमाटी से उरैईहा तक पहुंच मार्ग लोकनिर्माण विभाग लागत राशि 3.50 करोड़ खैरबना से बाजगुढ़ा तक 3.40 किलोमीटर पहुंच मार्ग लागत राशि 8.58 लाख बीजाबैरागी से डोमाटोला में स्टॉपडेम कम रपटा लागत राशि 2.75 करोड़ रणजीतपुर बड़े खदान में पुलिया निर्माण लागत राशि 41.34 लाख रणजीतपुर में हॉट बजार शेड निर्माण लागत राशि 61.3 लाख रणवीरपुर में हॉट बजार शेड निर्माण लागत राशि 73.71 लाख उपार्जन केन्द्रों में शेड व गोदाम निर्माण लागत राशि 53.00 लाख गैरझूमर से टेढ़ी के मध्य पुलिया निर्माण सिंगारपुर में हाईस्कूल भवन निर्माण लागत राशि 75.23 लाख अचानकपुर में हाई स्कूल भवन निर्माण लागत राशि 75.23 लाख गोरखपुर से उमराव नगर तक पहुंच मार्ग लागत राशि 4.50 करोड़ नयापारा मोड़ से गगरिया खम्हारिया तक पहुंच मार्ग लागत राशि 5.20 करोड़ रुपए एवं चहुमुखी विकास की तरफ पंडरिया विधानसभा अग्रसर है।

## एक नजर

### संत रमेश मिरी आएंगे 19 अप्रैल को भखारा

**अंवरी 10 अप्रैल।** संत रमेश मिरी सिल्हाटी वाले बाबा 19 अप्रैल को सर्व समाज मांगलिक भवन वार्ड 14 नगर पंचायत भखारा(भठेली) में आएंगे 7 आयोजक चुम्मन लाल बंजारे, गोपाल दास एवं अनसुईया रात्रे सरपंच ग्राम पंचायत थूहा ने बताया की बाबा जी के द्वारा शरीर में भिन्न-भिन्न प्रकार के बीमारियों जैसे- कैशर, किडनी, टी.बी. सोरायसिस, लकवा, बाथ, साइटिका, गठियाबाथ, थाइराईट, शुगर, बी.पी., हाथी पाव, बवासीर, भगन्दर, पोलियों, मंद बुद्धि, गुंगे-बहरे को बुलवाया जाता है। बाहरी हवा संबंधीत तकलीफ का ईलाज किया जाता है।



### धरमपुरा ट्राजिस्ट हॉस्टल में किया जा रहा कमरों का आबंटन

**जगदलपुर, 10 अप्रैल।** शहर के धरमपुरा में स्थित ट्राजिस्ट हॉस्टल में कमरों का आबंटन कलेक्टर कार्यालय के आवास शाखा से किया जाना है, कमरों का आबंटन हेतु शासकीय अधिकारी प्रथम, द्वितीय, तृतीय श्रेणी (कार्यपालिक) अधिकारियों तथा अर्ध शासकीय,संविदा के कर्मचारियों (द्वितीय श्रेणी शासकीय अधिकारी के समकक्ष) से आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया हैं। संयुक्त कलेक्टर ने बताया कि आवेदन पत्र 15 दिनों के भीतर जिला कार्यालय जगदलपुर के आवास शाखा में जमा किया जा सकता है। कमरों का आवंटन नियमावली 2022 के अनुसार एवं निर्धारित मासिक किराया दर पर किया जायेगा। आवेदन का प्रारूप कार्यालयीन समय मे कलेक्टोरेट के आवास शाखा से प्राप्त किया जा सकता है।

### विभिन्न सिंचाई योजनाओं के लिए 21.02 करोड़ रुपए स्वीकृत

**रायपुर, 10 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ शासन ने प्रदेश की विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं के कार्यों को कराने के लिए 21 करोड़ 2 लाख 56 हजार रूपए स्वीकृत किए हैं। सिंचाई योजनाओं के पूरा होने से 170 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा क्षेत्रीय किसानों को मिल सकेगी। स्वीकृत सिंचाई योजनाओं में दुर्ग जिले के विकासखण्ड-दुर्ग की रिसामा नाले में खसरा नं.-752 के किनारे तटबंध निर्माण कार्य के लिए दो करोड़ 12 लाख 68 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। विकासखण्ड-धमधा की टेंगना नाला पर देवरी नवागांव स्टापडेम कम रपटा निर्माण कार्य के लिए दो करोड़ 49 लाख 5 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना के पूरा होने से 40 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड-धमधा की परोडा नाले पर रपटा कम स्टापडेम निर्माण कार्य के लिए दो करोड़ 53 लाख 80 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना के पूरा होने से 40 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड-पाटन की गुजरा नाला में अटारी स्टापडेम कम रपटा निर्माण कार्य के लिए तीन करोड़ 92 लाख 90 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना के पूरा होने से 35 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। बेमेतरा जिले के विकासखण्ड-साजा की मनियारी नाला में स्टापडेम कम रपटा निर्माण कार्य के लिए दो करोड़ 49 लाख तीन हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना के पूरा होने से 60 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड-साजा की डोटू नाले पर चुहका बाढ़ नियंत्रण कार्य के लिए दो करोड़ 95 लाख 92 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। बालोद जिले के विकासखण्ड-डौण्डी की पटेली एनीकट के अपस्ट्रीम में घाट निर्माण कार्य के लिए एक करोड़ 60 लाख 69 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### निधन

### गंगाबाई पटेल

**अंवरी।** अमापारा धमतरी निवासी गंगाबाई पटेल उम्र 50 वर्ष का लम्बे समय से स्वास्थ्य ख़राब होने के चलत। अप्रैल को निधन हो गया। वे रामनाथ पटेल के पत्नि थी। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार को छोड़कर चली गई। पुत्र गोविंद,अनिल, शैलेंद्र, मनोज, महेश, चुनद, भुनेश्वर घनश्याम की माता जी थी। आमापारा धमतरी के गोलू कुमार, नंदकुमार, प्रभुराम पटेल, दिलीप पटेल सहित जनप्रतिनिधि एवं समाज के प्रमुख द्वारा गंगा बाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित किए इस अवसर पर समाज के एवं परिवार के लोग उपस्थित थे।



# मुख्यमंत्री ने सामुदायिक भवन के लिए दी 50 लाख रुपए की मंजूरी

**दुर्ग,10 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के दुर्ग विधानसभा में भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान दुर्ग के विधायक अरुण वोरा के नेतृत्व में एमआईसी प्रभारी एवं पार्षद हमीद खोखर,जामा मस्जिद के सदर हाजी रिजवान खान मुस्लिम सांस्कृतिक भवन केलाबाड़ी के सदर हाजी अब्दुल अजीज खान केलाबाड़ी मस्जिद के सदर जनाब शेख सिराज जामा मस्जिद के सचिव शकील भाई ने सर्किट हाउस में मुलाकात कर केलाबाड़ी में मुस्लिम समाज के सामुदायिक भवन निर्माण करने हेतु 50 लाख राशि की मांग की और मुस्लिम कब्रिस्तान के जीर्णोद्धार के लिए 20 लाख रुपए की मांग की जिस पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी ने रमजान के मुबारक मौके पर केलाबाड़ी में मुस्लिम समाज के सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 50 लाख की राशि स्वीकृत किया। गंजपारा मुस्लिम कब्रिस्तान के लिए भी आगे मदद करने की बात कही।आज इसके लिए मस्जिद के सदर हाजी रिजवान खान,केलाबाड़ी मुस्लिम सांस्कृतिक भवन समिति के अध्यक्ष सदर हाजी अब्दुल अजीज खान,मो.उस्मानी,पूर्व पार्षद अल्ताफ अहमद साकिर अली, पाशी अली,हाजी रेहान खान,जाकिर खोखर,रफीक खान,युसूफ खान ने दुर्ग के विधायक अरुण वोरा के निवास में पहुँचकर शाल श्रीफल पुष्प गुच्छ भेंट कर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी एवं विधायक अरुण वोरा,महापौर धीरज बाकलीवाल के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।और मुस्लिम समाज के लोगो ने कहा है कि मुस्लिम समाज के लिए बहुत बड़ी सौगात है। भवन बन जाने से सभी समाज व वर्गों के लिए काम आएगा।



# लखन लाल सिन्हा छत्तीसगढ़ डड़सेना कलार समाज के प्रांताध्यक्ष पद के सशक्त दावेदार

**रायपुर 10 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ डड़सेना कलार समाज का प्रांतीय निर्वाचन दिनांक 16.04.2023 रविवार सुबह 11 से 3 बजे तक कंकालिन मंदिर प्रांगन, कनेरी, तहसील गुरुर जिला बालोद में संपन्न होगा। इस चुनाव में लखन लाल सिन्हा, सेवानिवृत वन रेंजर तर्री राजिम प्रांतीय अध्यक्ष हेतु प्रबल दावेदार है। श्री लखन लाल सिन्हा ने बताया कि उन्हें प्रशासन का लम्बा अनुभव है और अपने सेवानिवृत के पश्चात् शेष समय समाज के समग्र विकास हेतु समर्पित करना चाहता है। उन्होंने अपने संकल्प पत्र में समाज के लिए 2 एकड़ जमीन स्वयं के अंशदान से क्रय करने, व समाज को देने, सामाजिक युवाओं के लिए कैरियर गाईडेंस कार्यशाला का आयोजन, सामाजिक पोर्टल तैयार करने, सामाजिक नियमावली में संशोधन, युवा मंच गठन, महिलाओं की भागीदारी सम्मिलित किया है। उन्होंने समाज के सम्मानीय मतदाताओं से अपील किया है कि उगता सूरज छाप पर मुहर लगा कर अधिक से अधिक मत से विजयी बनावें।



# आईपीएल सटोरियों के खिलाफ साइबर सेल एवं सिटी कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 10 अप्रैल।** 8 अप्रैल को जरिये मुखबिर से सूचना मिला कि जनता कालोनी रघुवर मार्ग लखोली के नरबदिया वर्मा के मकान में कुछ लोगो के द्वारा ऑनलाईन आईपीएल2023 क्रिकेट मैच देखकर अंको पर रूपये पैसो पर हारजीत का दाव लगाकर सट्टा पट्टी लिखकर अवैध धन अर्जित कर रहे है कि सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराया गया वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजनांदगॉव श्री अभिषेक मीना के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री लखन पटले तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल के मार्गदर्शन पर प्रभारी साइबर सेल निरीक्षक श्री उमेश बघेल एवं थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक श्री भोला सिंह राजपूत के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्यवाही हेतू निदेर्शित किया गया मुखबीर सूचना एवं तकनीकी सहायता से थाना स्टाफ एवं सायबर सेल राजनांदगॉव स्टॉफ तथा गवाहन तलब कर मुखबीर के बताये गये स्थान जनता कालोनी रघुवर मार्ग लखोली राजनांदगॉव नरबदिया वर्मा का मकान पहुॅचकर रेड कार्यवाही किया जहॉ 03 व्यक्ति को पकडे नाम पता पूछने पर (1).दिनेश बंजारे पिता मोहन बंजारे उम्र 28साल निवासी सिकोलाभाठा जयंती नगर दुर्ग (2).रोहन राय पिता राजू राय उम्र 19 साल निवासी सिकोलाभाठा जयंतीनगर दुर्ग (3). जितेन्द्र तिवारी पिता गोर्वधन तिवारी उम्र 40 साल निवासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी कालीबाडी चौक जामुल जिला दुर्ग बताये जिनके कब्जे से कुल 08नग विभिन्न कंपनीयों का मोबाईल फोन, 01 नग डेल कंपनी का लेपटाप मय चार्ज लिड, 01 वीडियोकान कंपनी का टीवी थ्रिी पिन डिवाईस, 04नग डॉट पेन, नगदी रकम 99,500/-रू जुमला कीमती 2,35,500/- रू जप्त किया गया आरोपियो द्वारा ऑनलाईन क्रिकेट आईपीएल 2023 मैच में अंको पर रूपया पैसे का हार-जीत का दाव लगाकर सट्टा लिखते खिलाते पाये जाने पर आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रं 241/23 धारा सार्वजनिक द्यूत (छत्तीसगढ़ संशोधन) अधीनियम 1976 की धारा 4 (क), छत्तीसगढ जुॅआ (प्रतिषेध) अधीनियम 2022 की धारा 6,7 का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार किया जाकर न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया गया । उक्त कार्यवाही में प्रभारी साइबर सेल निरीक्षक उमेश बघेल, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक श्री भोला सिंह राजपूत थाना कोतवाली के सउनि0 उदय सिंह चंदेल, आरक्षक प्रदीप जायसवाल एवं सायबर सेल राजनांदगॉव स्टॉफ सउनि द्वारिका प्रसाद लाउत्रे, आरक्षक मनीष मानिकपुरी, मनीष वर्मा, मनोज खुंटे, अवध किशोर साहू एवं महिला आरक्षक पार्वती कंवर की सराहनीय भूमिका रही।



### राजनांदगांव बन्द रहा

**राजनांदगांव 10 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ में लगातार लव जिहाद की घटनायें बढती जा रही है,,,साथ ही राज्य सरकार व्दारा प्रदेश मे बाहर से रोहिंग्या और बंगलादेशी मुसलमानों को लाकर ,,बसाया जा रहा है,,उनका राशन कार्ड, आधार कार्ड बनाया जा रहा है,,जिसके कारण छत्तीसगढ़ में जनसंख्या असंतुलन बढ रहा है,,,और शांत और स्वच्छ राज्य मे आये दिन सांप्रदायिक हिंसा और तनाव का वातावरण बनते जा रहा है ,,जिससे की सभ्य समाज के लोगों का जीवन दुभर हो रहा है और भय का वातावरण बनते जा रहा है,,,इस पर सरकार द्वारा कोई ठोस कदम नही उठाया जा रहा है,,,,कवर्धा की घटना के बाद भी सरकार की आंख नही खुली,,,,जिसकी परिणीती फिर निर्दोष की हत्या के रुप मे सामने आयी है,,,साजा के बिरनपुर मे जेहादीयों व्दारा लव जिहाद का विरोध करने पर घर घुसकर हिन्दु युवक भुनेश्वर साहु कि हत्या , और गांव भर मे आतंक फैलाना,जेहादीयों की मानसिकता और उनके संरक्षण को दर्शाता है,,,प्रदेश मे अब सिरिया व तालिबान की मानसिकता के लोग निवास करने लगे है,जिससे प्रदेश मे आतंकी गतिविधियां बढने लगी है,,,,निरंतर लव जिहाद और धर्मातरण की घटनायें बढ रही है और राक्य सरकार तुष्टीकरण की राजनीती मे व्यस्त है,,,राज्य को बचाने और पुनः शांति स्थापित करने के लिए,,छत्तीसगढ़ राज्य बन्द के आव्हान पर राजनांदगांव जिला भी 10 अप्रैल दिन सोमवार को वन्द रहा, राजनांदगांव के सभी सम्मानित होटल हलवाई संघ ,कपडा व्यापारी संघ ,चेंबर ऑफ कामर्स,,और भी व्यवसायी संगठन व दुकानदारों ,व्यापारी बंधुओं से, थोक फुटकर,सभी प्रतिष्ठानों के संचालक बंधुओं से आग्रह है कि राज्य हित में अपना व्यवसाय बन्द में सहयोग प्रदान किया आवश्यक सेवाओं को बन्द से पृथक रखा गया था।

### स्वेच्छा ने गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया

**राजनांदगांव 9 अप्रैल।** समीपस्थ ग्राम भेड़ी कला निवासी कु. स्वेच्छा साहू पिता त्रिवेंद्र साहू ने गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज किया है. ग्राम पंचायत भेड़ी कला सरपंच कृष्णा साहू ने कु. स्वेच्छा साहू और उनके परिवार को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए बताया कि सबसे कम उम्र में संगीत में डिप्लोमा करने के लिए स्वेच्छा साहू का नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ है. स्वेच्छा साहू उत्कर्ष कला केंद्र जमशेदपुर से संगीत की शिक्षा प्राप्त कर रही है, उनके संगीत गुरु का नाम मानस भट्टाचार्य है. स्वेच्छा साहू 3 साल की उम्र में ही गीत गाना गा रही है और अभी तक 7 भाषाओं में गीत गा चुकी है। कुमारी स्वेच्छा साहू को जिला साहू संघ अध्यक्ष भागवत साहू, नीलमणि साहू महामंत्री, गीता घासी साहू ,माधव साहू संगठन सचिव, महेश्वर साहू उपाध्यक्ष, जगमोहन साहू, रुपेंद्र साहू मीडिया प्रभारी, ग्राम पंचायत भेड़ीकला के सरपंच कृष्णा साहू ,पंचायत परिवार सहित समस्त ग्रामीणों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया है।



### मानव अधिकार संरक्षण के प्रदेश सचिव बने राजा माखीजा

**राजनांदगांव 9 अप्रैल।** शहर के युवा समाज सेवी व देश के सबसे बड़े राजनीतिक दल के सक्रिय कार्यकर्ता राजा माखीजा को मानव अधिकार संरक्षण का प्रदेश सचिव मनोनित किया गया है। इससे श्री माखीजा के ईष्ट-मित्रों व शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है ।बता दें कि युवा समाज सेवी श्री माखीजा की नियुक्ति मानव अधिकार कार संरक्षण से संबंधित मानवधिकार भारत गौरव सम्मान फांउडेशन के राष्ट्रीय अपाध्यक्ष- डा. के.के द्विवेदी, डायरेक्टर रजिक खान व मुख्य राष्ट्रीय समन्चयक अर्जुन सचदेव ने की है तथा उन्हे इस पद पर ज्वाईन कराते हुए सम्मान किया गया है। श्री माखीजा के मानव अधिकार संरक्षण के प्रदेश सचिव नियुक्त किये जाने पर उन्हें शासन व प्रशासन द्वारा प्रत्येक समाज सेवाकार्य व मानवधिकार से सम्बधिंत कार्य हेतु सहयोग व सपोर्ट दी जायेगी,इसी तरह जन प्रतिनिधियों द्वारा उनके हर प्रकार की सेवा कार्यो सहित रचनात्मक कार्यो के लिए सहयोग किया जाएगा। श्री माखीजा की इस उपलब्धि पर चेंबर्स आप कामर्स व भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ तथा पूज्य सिंधी समाज के सभी पदाधिकारी व सदस्यों सहित समाजसेवी आलोक बिंदल , संजय रिजवानी , राजू डागा, संजय तेजवानी, गुरूमुख दास वाधवा आदि सहित अन्य ईष्ट-मित्र जनों व शुभ चिंतकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।



# शराब कोचियों के विरुद्ध पुलिस ने की कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 10 अप्रैल ।** 9 अप्रैल को श्रीमान् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अभिषेक मीणा ( भा0पु0से0) के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री लखन पटेल मार्ग दर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल के नेतृत्व में चौकी प्रभारी चिखली श्री शैलेन्द्र सिंह ठाकुर द्वारा चौकी चिखली पुलिस की अलग अलग टीम गठित कर चौकी चिखली क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही की गयी, जिसके तहत 01 शराब कोचियां के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी लखनदास साहू पिता रूपदास साहू उम्र 24 साल निवासी ग्राम पदुमतरा थाना ठेलकाडीह से 140 पौवा गोवा स्पेशल अंग्रेजी शराब कुल मात्रा 25.200 बल्क लीटर कीमती 16800/- रू0 एवं घटना मे प्रयुक्त मो0सा0 क्र0 सीजी 08 एवी 1891 कीमती 90,000/- को जप्त किया गया, तथा 02 शराब कोचियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी चंद्रेशखर निषाद पित जगेसर निषाद उम्र 25 साल निवासी शंकरपुर पुलिस चौकी चिखली जिला राजनांदगांव छ0ग0 से 21 पौवा गोवा स्पेशल अंग्रेजी शराब 3780/- एमएल कीमती 2520/- रू0 तथा आरोपी 02. करन मारवाडे पिता स्व0 अरूण मारवाडे उम्र 31 साल निवासी गौरीनगर वार्ड न0 13 शीतला मंदिर के पास पुलिस चौकी चिखली जिला राजनांदगांव से 25 पौवा गोवा स्पेशल अंग्रेजी शराब 4500/- एमएल कीमती 3000/- रू0 कुल जुमला मात्रा 33.48 लीटर, जुमला कीमती 22320/- रू0 को जप्त कर आब. एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में निरी. शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, प्र0आर0 671 चुन्नीलाल साहू, प्र0आर0 727 सुनील कुमार वर्मा, आर0 1439 गिरजाशंकर देवांगन, आर0 939 कमल साहू, आर0 1224 राजकुमार बंजारा का महत्वपूर्ण एवं सराहनीय योगदान रहा है।



### मुख्यमंत्री से लोक गायिका अलका परगनिहा चंद्राकर ने की मुलाकात

**रायपुर,10 अप्रैल ।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल से आज शाम यहां उनके निवास कार्यालय में सुप्रसिद्ध लोक गायिका श्रीमती अलका परगनिहा चंद्राकर ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री को उन्होंने छत्तीसगढ़ी रेडियो चैनल एफएम 91.2 के शुभारंभ के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने आमंत्रण के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। श्रीमती चंद्राकर ने बताया रेडियो एफएम चैनल 91.2 का शुभारंभ कुम्हारी जिला दुर्ग में होने जा रहा है। जिसका प्रसारण पूरी तरह से छत्तीसगढ़ी बोली में किया जाएगा। इसके साथ ही इस चैनल के ऐप की भी शुरुआत होने जा रही है। उन्होंने बताया कि इस एफएम के शुरू करने का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ी कला, संस्कृति, बोली एवं स्थानीय लोक-जीवन का प्रचार-प्रसार करना है। इस मौके पर श्री श्याम वर्मा एवं श्री अमित परगनिहा भी मौजूद थे।



### बस्तरिया जुगानी कलार समाज की ब्लॉक स्तरीय वार्षिक बैठक में कई विषयों पर चर्चा की गई

**गीदम,10 अप्रैल।** बस्तरिया जुगानी कलार समाज का ब्लॉक स्तरीय वार्षिक बैठक गीदम विकासखण्ड के बांगापाल में आयोजित हुई। इस बैठक में गीदम ब्लॉक के अध्यक्ष पीला राम सिन्हा ने समाज के समस्त लोगो की उपस्थिति में कहा कि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है जब तक मनुष्य समाज से संबंध नहीं जोड़ता है तब तक वह अपूर्ण ही रहता है। इसलिए मनुष्य को समाज के नियमावली के आधार पर कार्य करना चाहिए। जीवन में विकास हेतु शिक्षा का अत्यधिक महत्व है इसलिए समाज के सभी लोगो से मेरा निवेदन है कि अपने बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा दिलवाये। साथ ही नशा पर रोक लगाना अत्यंत आवश्यक है। जब तक समाज में नशा बंद नहीं होगा तब तक हमारा भविष्य सुधरना कठिन है। इसलिए मेरा समाज के सभी लोगो से निवेदन है कि नशा को पूर्णत बंद करने एवं शिक्षा पर अत्याधिक प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। इसी से हमारा समाज देश के विकास में भागीदार बन सकेगा। वही रूपचंद कड़ीयारी ब्लॉक अध्यक्ष भैरमगढ़ एवं शंकर पैगड़ क्षेत्र अधिकारी गीदम ने कहा कि समाज के युवा अंतर जाति विवाह न करे। साथ ही पूर्वजों की परंपराओं को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया। इस दौरान पीला राम सिन्हा ब्लॉक अध्यक्ष गीदम, रूपचंद कड़ीयारी ब्लॉक अध्यक्ष भैरमगढ़, दलशय सेठिया क्षेत्र अधिकारी, श्यामसुंदर कड़ीयारी उपाध्यक्ष , शंकर, सुखराम, लक्ष्मीनाथ घस्सु, महेश, राम सिंह, श्रीनाथ शुकुलधर, बलराम, लीलाधर, अमरनाथ ,चेतू , शीतल प्रसाद, भागवती , सुभाष ,सुदू , अनंत पोरो, गिनो, पीली, टीकम ,फूलचंद अन्य पदाधिकारी व बड़ी संख्या में समाज के महिला पुरुष उपस्थित रहे।



# छत्तीसगढ़ पहुंचने पर एयरपोर्ट में के. सूरज के समर्थकों ने किया स्वागत

**रायपुर 10 अप्रैल।** जवाहर बाल मंच के नेशनल कोऑर्डिनेटर एवं उड़ीसा प्रभारी के सूरज का कल छत्तीसगढ़ आगमन हुआ जिसको लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता अपने नेता का स्वागत करने के लिए एयरपोर्ट पहुंचे हुए थे और गाजे बाजे के साथ फूल माला से अपने नेता का स्वागत किया एयरपोर्ट से लेकर उनके निवास तक लगातार समर्थक उनके पीछे चलते नजर आए और जमकर नारेबाजी भी देखने को मिली।

आपको बता दें कि जवाहर बाल मंच के लिए पिछले दिनों एआईसीसी द्वारा पूरे देश भर से कोऑर्डिनेटर नियुक्त किए गए जिसमें छत्तीसगढ़ से मात्र 1 नाम के सूरज का है



आपको बता दें कि कांग्रेस द्वारा इस संगठन को पार्टी मजबूत करने के लिए बनाया गया है इस संगठन के माध्यम से युवाओं को पार्टी से जोड़ा जाएगा और उन्हें पार्टी की रीति नीति से अवगत कराया जाएगा साथ ही नए पीढ़ी को राजनीति से जोड़ा जाएगा। के सूरज लंबे समय से राजनीति से जुड़े हुए हैं साथ ही वह कांग्रेसमें विभिन्न पदों पर रह चुके हैं इसके साथ ही युवाओं में उनकी अच्छी पकड़ मानी जाती है नियुक्ति के बाद उनके कार्यकर्ताओं में हर्षोल्लास का माहौल देखा जा रहा है के सूरज ने जानकारी देते हुए कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा उन्हें जो भी जिम्मेदारी दी गई है उसका वह भली-भांति पालन करेंगे और पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे उन्होंने कहा कि उनके लिए हमेशा संगठन सर्वोपरि रही है निरंतर वह संगठन के लिए काम करते आ रहे हैं।

### ग्राम पंचायत कम्प्यूटर ऑपरेटर संघ 22 को धरना देगा

**अंवरी 10 अप्रैल।** ग्राम पंचायत कम्प्यूटर आपरेटर संघ जिला धमतरी का बैठक 08 अप्रैल को संपन्न हुआ, जिसमें छ:ग प्रान्ताअध्यक्ष गिरधर कुमार पटेल जरवायडीह, जिला अध्यक्ष वोमेश साहू करगा, जिला उपाध्यक्ष हेमनाथ साहू भेंडरवानी, जिला सचिव आशराम सिन्हा मरौद, धमतरी ब्लॉक अध्यक्ष कौशल,धागा सिन्हा डोड़की,मुकेश निर्मलकर अंवरी क्लस्टर ऑपरेटर, राधेरमण सिर्री, यशवंत धनकर कानामुका, डिगेश साहू सिलतरा, मिथलेश साहू कचना, लेखराम देवांगन सुपेला, मनीष साहू, सोनिया चक्रधारी बिरेझर, बबिता साहू सिवनीकला, मिडिया प्रभारी पोखराज साहू मडेली,तिजेन्द्र कुमार भैसबोड़ एवम सभी ग्राम पंचायत आपरेटर संघ मिलकर 22 अप्रैल को शासन प्रशासन से अपनी मांग को लेकर राज्योत्सव मैदान निमोरा रायपुर में धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया।



# सेमरा परिक्षेत्र साहू समाज ने मनाया कर्मा उत्सव , सुपेला में हुआ मां कर्मा का जयघोष

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**अंवरी 10 अप्रैल।** नवगठित तहसील साहू समाज भखारा के नवीन परिक्षेत्र साहू समाज सेमरा का कर्मा उत्सव ग्राम सुपेला में बड़े हर्षोल्लास के साथ भक्त माता कर्मा के पूजा अर्चना एवम पूरे गांव में सामाजिकजनों, माताओं के द्वारा कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ,समस्त सामाजिकगण एवम सर्व समाज प्रमुखों के साथ सम्पन्न हुआ7 कार्यक्रम के मुख्यातिथि महासमुंद लोकसभा सांसद चुन्नी लाल साहू रहे अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष कामता साहू ने किया 7 मुख्य अतिथि चुन्नी लाल साहू के उद्बोधनसे सामाजिक जनों में नव चेतना का संचार हुआ उन्होंने ने कहा की पूरे भारत वर्ष में साहू समाज की कड़ी पार से लेकर प्रदेश तक की कड़ी छत्तीसगढ़ मे है और आज आप सब के समाज के प्रति जागरूकता और एकता से पूरा भारत में सामाजिक एकता को बल मिला है विभिन्न प्रांतों में संगठन की नई नीव तैयार हो रही है, समाज में महीला पुरूष, युवा सभी की सहभागिता होनी चाहिए रूढ़िवादी, पुरानी कुरुतियो को सब मिलकर दूर करे, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक, धार्मिक, राजनितिक क्षेत्रों में समाज की भागीदारी सुनिश्चित कर विकास के क्रम मे आगे बड़े और समाज को मजबूती प्रदान करें7स्वागत अभिनंदन उद्बोधन देते हुऐ परिक्षेत्र अध्यक्ष होमेंद्र साहू ने कहा कि मानव एक सामाजिक प्राणी है और बिना समाज के व्यक्ति या मानव जाति का सर्वांगीण विकास संभव ही नहीं है मुझे इस नवगठित सेमरा परिक्षेत्र के प्रथम अध्यक्ष बनने का गौरव मां कर्मा के आर्शीवाद से प्राप्त हुआ है मेरा पूर्ण रुप से समाज की व्यवस्था में विश्वास है और हमेशा समाज की उन्नति एवम प्रगति मेरा ध्येय है, सामाजिक परिक्षेत्र भवन निर्माण की मांग सांसद महोदय से किया, कामता प्रसाद साहू ने समाज के विकास को लेकर सामाजिक जनों को साथ आकर सहयोग करने की बात कही और समाज में सभी बराबर है त्याग तपस्या बलिदान की जननी कर्मा माता ने हमे ये ताकत दी है की आज साहू समाज किसी भी क्षेत्र में पिछड़ा नही है। कार्यक्रम में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर परिक्षेत्र के सभी ग्रामीण अध्यक्षगण शारदा साहू, मिलु राम साहू, दमयंती साहू, राकेश साहू, रामचन्द्र साहू, प्रहलाद साहू, गिरधारी साहू, गणेश राम साहू, परमेश्वरी साहू सरपंच लीलेश्वरी चेतन देवांगन कल्याण साहू, जानकी दशरथ साहू,प्रतिभा साहू राजु साहू, ठाकुर राम साहू, पोषण साहू,महेंद्र, साहू गैंदलाल साहू, लोकेंद्र साहू,महेन्द साहू कन्हैया बरातू साहू कृष्णदयाल खिलावन साहू समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।



संपादकीय

# शरद पवार का संदेश क्या है?

राजनीति में कब कौन साथ खड़ा हो जाएगा, कब कौन साथ छोड जाएगा, कब कौन अलग राह पर चल पड़ेगा, कब कौन आकर साथ चलने लगेगा। यह कोई निश्चित रूप से नहीं कह सकता। सब कुछ अपने राजनीतिक लाभ व हानि के लिए किया जाता है। सब अपना राजनीतिक हित पहले देखते हैं। दूसरे दल को मौका मिलते ही बताते हैं कि तुम बास बनने की कोशिश न करो। हम तुम्हें बॉस नही मानते हैं। कभी तुम्हारी हैसियत रही होगी बॉस की आज तुम्हारी हैसियत नहीं है बॉस बनने की। दो लोकसभा चुनाव हारने के बाद से कांग्रेस का विपक्ष पर जो दबदबा रहा करता था, कांग्रेस की बात मानने के लिए विपक्षी दल मजबूर रहते थे, वह स्थिति आज नहीं रह गई है। यही वजह है कि कभी केजरीवाल,अखिलेश,केसीआर अलग मोर्चा बनाते दिखते है, कभी ममता कहती है कि वह कांग्रेस जैसा सोचता है,वह वैसा नहीं सोचती हैं, कांग्रेस जैसा करती है,वह वैसा नहीं करती है। कांग्रेसअलग है और टीएमसी अलग है। संसद के भीतर जब कांग्रेस विपक्ष को अडानी के मुद्दे पर एकजुट करने का प्रयास कर रही थी तो ममता ने कहा था कि कांग्रेस विपक्ष का बॉस बनने का प्रयास न करे। कांग्रस संसद के भीतर जेपीसी की मांग को लेकर यह संदेश देने का प्रयास कर रही थी कि विपक्ष अडानी के मांमले की जांच के लिए जेपीसी के गठन के लिए उसके साथ है। संसद सत्र के चलते सबसे पहले विपक्ष की तरफ से ममता बैनर्जी ने कहा कि वह अडानी का मामले की जांच के लिए जेपीसी की मांग के साथ नहीं है, उसका मानना है कि अडानी के मामले की जांच के लिए जेपीसी की कोई जरूरत नहीं है. कोर्ट जांच कर रहा है, कोर्ट की जांच ही काफी है। ममता ने सबसे पहले अडानी के मुद्दे पर कांग्रेस से अलग रुख अख्तियार किया। इससे पहली बार पता चला कि अडानी मामले की जांच जेपीसी से लेकर दो तरह के विचार है। एक मानता है कि अडानी मामले की जांच जेपीसी से ही होनी चाहिए। दूसरे का मानना है कि अडानी मामले की जांच के लिए जेपीसी की कोई जरूरत नहीं है। कांग्रेस की त्रासदी यह है कि पूरा विपक्ष उसके साथ कभी खड़ा नहीं होता है। ममता के बाद शरद पवार ने भीं कांग्रेस के अलग राह ले ली है। शरद पवार ने कहा है कि अडानी मामले की जांच के लिए जेपीसी की जांच की कोई जरूरत नहीं है। अडानी का मामला कोई इतना बड़ा मामला नहीं है कि उसकी जेपीसी से जांच कराना जरूरी है। उसकी जांच सुप्रीम कोर्ट की टीम कर रही है, बस उतनी ही काफी है। ऐसा करके वास्तव में शरद पवार भी कांग्रेस को वही संदेश दे रहे है जो ममता पहले दे चुकी हैं । यानी विपक्ष का बॉस बनने की कोशिश कांग्रेस न करे। विपक्ष वही नही करेगा जो कांग्रेस चाहेगी। विपक्ष की अपनी मर्जी भी हो सकती है। वह कांग्रेस से अलग सोच सकता है, अलग कर सकता है कांग्रेस अडानी को सबसे बड़ा राजनीतिक मुद्दा माने तो जरूरी नहीं है कि पूरा विपक्ष उसे सही माने। संसद के दौरान जब राहुल गांधी की सदस्यता गई, बंगला गया तो देश में उनके प्रति सहानुभूति की लहर को देखते हुए सब राहुल गांधी के साथ कुछ दिनों के लिए खड़े हो गए थे ।कांग्रेस ने मान लिया कि पूरा विपक्ष कांग्रेस व राहुल गांधी के साथ है, पूरा विपक्ष राहुल के नेतृत्व को स्वाकारने को तैयार है। कांग्रेस के इस मुगालते को तोड़ना था इसलिए पहले ममता तथा बाद मं शरद पवार ने कांग्रेस को झटका दिया है

## आज का राशिफल

**मेष : (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**-आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आप काफी सक्रिय रहेंगे। कार्यक्षेत्र में प्रगति होगी। दिन आनंद पूर्वक बीतेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। यात्रा का अवसर मिलेगा। जीवनसाथी से पूर्ण सहयोग मिलेगा। शुभ चिंतकों की सलाह पर ध्यान देना चाहिए। सलाह है कि अति उत्साह में सेहत की अनदेखी ना करें।

**वृष : (ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो**-आज आपका दिन मंगलमय होगा। सगे संबंधियों से मुलाकात हो सकती है। दिन उत्सव और आनंद में बीतेगा। शत्रुओं पर विजय कर पाएंगे। अधूरे कार्य संपन्न होंगे। कोई शुभ सूचना मन को प्रसन्न रखेगी। वैवाहिक जीवन में काफी रोमांटिक नजर आएंगे। बच्चों से खुशी मिलेगी।

**मिथुन : (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)**-आज आपका दिन बढिया रहेगा। लेखक और कलाकार अपने क्षेत्र में कुछ अलग और बेहतर कर सकते हैं। मन में कल्पना की तरंगे उठेंगी। रोमांटिक मूड में रहेंगे। लोगों से विभिन्न विषयों पर चर्चा होगी। आपका सम्मान और महत्व बढ़ेगा।

**कर्क : (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)**-आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। आपकी मनःस्थिति नकारात्मकता की ओर प्रेरित करेगी इसका ध्यान रखें । मन को सकारात्मक रखें। परिवार में आपसी तालमेल और सहयोग के लिए योगदान दें। खुद को सबल रखें। जीवनसाथी की भावनाओं को समझें धन लाभ होगा। धार्मिक विचारों में वृद्धि होगी।

**सिंह : (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)**-आज आपका दिन उत्साह से भरपूर रहेगा। नींद अच्छी आएगी। मानसिक रूप से आज आप बहुत हल्कापन महसूस करेंगे। आपके मन पर छाए हुए चिंता के बादल हटने से आपके उत्साह में वृद्धि होगी। शॉपिंग कर सकते हैं, अपनों से मेल-मुलाकात होगी। यात्रा का योग है।

**कन्या : (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**-आज आपका दिन मनोनुकूल रहेगा। आज रुका हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है। धन निवेश के लिए दिन लाभकारी है। स्वयं पर विश्वास रखकर ही आज कार्यो को क्रियान्वित करें। खान-पान के मामले में संयम रखें। सामाजिक जीवन में सक्रिय रह सकते हैं। यात्रा हो सकती है। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**तुला : (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)**-आज आपका दिन खुशनुमा व अनुकूल रहेगा। बीमार लोगों की सेहत में सुधार होगा। सुबह से ही आप सक्रिय रहेंगे और काम को समय पर पूरा कर लेंगे। पारिवारिक जीवन में प्रेम और आपसी सहयोग बढ़ेगा। दोपहर के बाद अधिक आनंदित और उत्साहित रहेंगे। यात्रा हो सकती है। सामाजिक दायरा बढेगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**वृश्चिक : (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)**-आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। सुस्ती रहेगी, खान-पान का ध्यान रखें। दूसरों के मामले में हस्तक्षेप से बचें क्योंकि आज किसी का भला करने के चक्कर में आप खुद परेशानी में आ सकते हैं। पैसों की लेन-देन से दूर रहें। धर्म में नीयती रहेगी। स्वास्थ्य आज नरम रह सकता है।

**धनु : (ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)**-आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। दिन विशेष लाभदायी है। निवेश, व्यापार, नौकरी, शिक्षा सभी क्षेत्रों में आज लाभ के संकेत हैं। सभी कार्य समय से पूरे होंगे। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। मान-प्रतिष्ठा का लाभ मिलेगा। मित्रों और शुभचिंतकों से संवाद होगा, कोई अच्छी खबर मिलेगी।

**मकर : (भो, जा, जी, खी, खू, खा, खो, गा, गी)**-आज आपका दिन ऊर्जावान रहेगा। आप आज हर काम सरलता से संपन्न कर पाएंगे। नौकरी में आपके उच्च अधिकारी खुश रहेंगे। कार्य की व्यस्तता रहेगी एवं स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। पारिवारिक जीवन भी आज आनंद में बीतेगा। कोई उपहार भी मिल सकता है।

**कुंभ : (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)**-आज आपका दिन सही रहेगा। भाग्य का साथ मिलेगा। पूर्वनिर्धारित कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। धार्मिक एवं मांगलिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे। परिवार संग खान-पान का आयोजन हो सकता है। मित्रों और सहकर्मियों के सहयोग से मिलेगा।

**मीन : (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)**-आज आपका दिन बढिया रहेगा। आज का दिन संयम और शांति से गुजारें। किसी नए काम को शुरू करने के लिए दिन उचित नहीं है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं। दूसरों के मामलों से दूर रहना बेहतर होगा। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य रहेगी।

# विपक्षी एकता : अभी नहीं तो कभी नहीं

**राजनीति**

**तनवीर जाफ़री**



देश में एक बार फिर चुनावी महासमर का माहौल बन रहा है। दक्षिण भारत के राज्य कर्नाटक में चुनाव की तारीख़ दस मई घोषित की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव से पूर्व 2023 में ही 9 अन्य राज्यों में भी विधानसभा चुनाव कराये जाने हैं। इनमें मध्य प्रदेश,छत्तीसगढ़,राजस्थान, तेलंगाना,त्रिपुरा,मेघालय, नगालैंड तथा मिज़ोरम राज्य शामिल हैं। इनके अलावा जम्मू-कश्मीर में भी लोकसभा चुनाव से पूर्व विधानसभा चुनाव हो सकते हैं। वैसे तो 13 मई को आने वाले कर्नाटक के चुनाव नतीजों को ही 2024 के लोकसभा चुनाव के लिये महत्वपूर्ण रुझान के तौर पर देखा जा रहा है परन्तु कर्नाटक के बाद होने वाले मध्य प्रदेश,छत्तीसगढ़,राजस्थान व तेलंगाना जैसे अपेक्षाकृत बड़े राज्यों के चुनाव नतीजे भी 2024 के लोकसभा चुनाव की इबारत लिखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। हालांकि अतिउत्साही भारतीय जनता पार्टी ने तो गत वर्ष गुजरात विधानसभा चुनाव में मिली अपनी शानदार जीत को ही लोकसभा 2024 का चुनावी रुझान बताना शुरू कर दिया था। परन्तु निश्चित रूप से 2024 लोकसभा चुनाव से पूर्व उपरोक्त दस राज्यों में होने वाला चुनावी संग्राम यह ज़रूर तय करेगा कि देश की राजनीति की दिशा व दशा आख़िर क्या होने वाली है।

जहां तक सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी का प्रश्न है तो पार्टी ने अभी से लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनज़र अपने तैय्यारियाँ युद्धस्तर पर शुरू कर दी हैं। भाजपा में स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ,गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा से लेकर अनेक राज्यपाल,केंद्रीय मंत्री,मुख्य मंत्री,पार्टी के राज्य स्तरीय अनेकानेक नेता अपने अपने कार्यों को छोड़ लेखक के रूप में मैदान में कूद चुके हैं और अपनी सरकार व पार्टी की कारगुज़ारियों का बखान करना शुरू कर चुके हैं। जहां जहां 'रेवड़ी ' बांटने की ज़रुरत है वहां रेवड़ियां बांटी जा रही हैं। जहाँ जहां साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण की ज़रुरत है वहां इस 'शस्त्र ' की आज़माइश भी की जा रही है। जहाँ विपक्ष को कमज़ोर करना है वहां भय अथवा लालच के बल पर यह काम भी किया जा रहा है। अनेक विपक्षी दल ई डी,इंकम टैक्स व सी बी आई जैसी संस्थाओं पर सत्ता के इशारे पर विपक्षी दलों को पक्षपात पूर्ण तरीक़े से परेशान करने का आरोप पहले ही लगा रहे हैं। देश के सबसे प्रमुख विपक्षी दल



कांग्रेस के लिये तो भाजपा नेता पहले ही 'कांग्रेस मुक्त भारत ' का नारा देकर विपक्षहीन लोकतंत्र बनाने की अपनी मंशा साफ़कर चुकी है। मीडिया पर सत्ता का नियंत्रण दुनिया देख ही रही है। अपने किसी भी विरोधी या आलोचक के लिये सत्ता ने राष्ट्र विरोधी,टुकड़े टुकड़े गैंग,पाक परस्त,हिन्दू विरोधी,देश विरोधी जैसी शब्दावलियाँ प्रचारित कर रखी हैं। सत्ता की इन्हीं कोशिशों के विरुद्ध तथा इनकी कमियों को उजागर करते हुये कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जब अपने विदेशी दौरे के दौरान सवाल खड़ा किया तो बहुमत की सत्ता ने राहुल गाँधी से मुआफ़ी मांगने की मांग को लेकर संसद नहीं चलने दी। और आख़िरकार एक दूसरे मामले में सूरत से आये एक अदालती फ़ैसले के बाद आनन फ़ानन में राहुल की लोकसभा सदस्यता भी बड़ी ही तत्परता से समाप्त कर दी गयी। राहुल की लोक सभा सदस्यता समाप्त होने के बाद देश के अधिकांश विपक्षी दलों के नेताओं की शायद 'कुंभकर्णी नींद ' खुल चुकी है। और वे यह सोचने को मजबूर हुये हैं कि जब देश के सबसे प्राचीन और सबसे लंबे समय तक देश पर राज करने वाले राजनैतिक दल के नेता राहुल गाँधी का यह हश्र हो सकता है तो क्षेत्रीय दलों के नेताओं की गिनती ही क्या है। वैसे भी अपने रास्ते के किसी भी 'रोड़े' को हटाना वर्तमान सत्ताधीशों की कार्यशैली का एक अहम हिस्सा है। फिर चाहे वे 'रोड़े' अपनी ही पार्टी के क्यों न हों। ऐसी अनेक मिसालें भी सामने हैं। सवाल यह है कि इन विकटतम व अभूतपूर्व राजनैतिक परिस्थितियों में विपक्षी दल न केवल 2024 के लोकसभा चुनाव में बल्कि इसके पूर्व होने वाले सभी दस राज्यों के विधानसभा चुनाव में भी ठीक उसी तरह एक हो सकता है जैसा कि 1977 में कांग्रेस के विरुद्ध एक हुआ था ? जो क्षेत्रीय नेता जिन्हें कांग्रेस के साथ जाने से सिर्फ़ इसलिये भय लगता है कि यदि कांग्रेस से हाथ मिलाया तो उनकी मुख्यमंत्री की कुर्सी ख़तरे में पड़ जायेगी, क्या वे अभी भी इस ग़लतफ़हमी का शिकार हैं कि विभाजित विपक्ष भाजपा जैसे मज़बूत,सत्तारूढ़ व साम दाम दंड भेद का इस्तेमाल करने वाले दल को पराजित कर सकता है ? कुछ राजनैतिक समीक्षक तो अभी से यहाँ तक लिखने लगे हैं कि यदि यथा शीघ्र ही देश के सभी विपक्षी दलों ने देश की जनता को संयुक्त विपक्ष होने का सन्देश नहीं दिया तो इस बात की काफ़ी संभावना है कि 2024 का लोकसभा चुनाव अखिलेश यादव,मायावती,ममता बनर्जी,नितीश कुमार और अरविन्द केजरीवाल जैसे नेताओं की पार्टी के लिये लगभग अंतिम लोकसभा चुनाव साबित हों।

विपक्षी राजनीति व विपक्षी दलों की भूमिका के सन्दर्भ में एक और हक़ीक़त पूरा देश यह भी देख रहा है कि एक ओर जहां सत्ता, विपक्षी दलों को कमज़ोर करने,उसे डराने धमकाने,उसे विभाजित करने के साथ साथ स्वयं को हर तरह से मज़बूत करने में अपना पूरा ध्यान केंद्रित किये हुये है और देश के कुछ बड़े पूंजीपतियों पर अपना वरदहस्त रखे हुये है वहीँ इस 'कथित अजेय' भाजपा के आगे किसी भी विपक्षी नेता या दल में भाजपा की इस प्रकार की कुटिल रणनीति से लड़ने का कोई साहस नहीं है। ले दे कर कांग्रेस पार्टी ही और विशेषकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ही हैं जो बेख़ौफ़ होकर संसद के भीतर से लेकर सड़कों तक पर सत्ता से तीखे सवाल पूछ रहे हैं। भारत जोड़ो यात्रा में उन्होंने जिस साहस का परिचय दिया देश के इतिहास में किसी भी नेता ने अब तक इतनी साहसपूर्ण पदयात्रा नहीं की। राहुल के इस साहस व जुझारूपन को भी जहां देश देख रहा है वहीं प्रधानमंत्री व मुख्य मंत्री के पद की उम्मीद लगाये बैठे अनेक क्षेत्रीय क्षत्रपों की सत्ता की मनमानियों के प्रति उदासीनता को भी जनता बहुत ग़ौर से देख व समझ रही है। इन हालात में कांग्रेस पार्टी ने विपक्षी एकता हेतु गंभीर प्रयास शुरू कर दिये हैं। स्वयं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सभी विपक्षी नेताओं से फ़ोन पर संपर्क साधने और सब को संयुक्त विपक्षी मोर्चे में शामिल करने के प्रयासों में जुट चुके हैं। 2024 का चुनाव यदि विपक्ष संयुक्त रूप से नहीं लड़ता तो 2024 के बाद की राजनीति की दिशा और दशा का कोई अंदाज़ा नहीं। अनेक राजनैतिक विश्लेषक तो यहाँ तक कहने लगे हैं कि यदि विभाजित विपक्ष ने 2019 की ही तरह 2024 में भी भाजपा को थाली में सत्ता परोस कर दे दी तो न केवल लोकतंत्र बल्कि भारतीय संविधान, देश का धर्मनिरपेक्ष स्वरूप आदि सब कुछ दांव पर लग सकता है। लिहाज़ा देश के सभी विपक्षी दलों के लिये सन्देश साफ़है कि विपक्षी एकता,यदि अभी नहीं तो कभी नहीं।

# हिन्दुओं के त्यौहारों पर ही हिंसक घटनाएं क्यों?

**ललित गर्ग**



रामनवमी पर निकाली गई शोभा यात्राओं के दौरान देश के विभिन्न राज्यों में हिंसा की जो वीभत्स, त्रासद एवं उन्मादी घटनाएं सामने आई हैं वे एक सवाल खड़ा करती हैं कि हिन्दुओं के त्यौहारों को ही अशांत एवं हिंसक क्यों किया जाता है? आखिर हिन्दू उत्सवों के मौके पर सांप्रदायिक सौहार्द का माहौल खराब करने के लिए क्या जानबूझकर कोई षड्यंत्र किया जाता है? क्यों हिन्दू देवी-देवताओं से जुड़ी आस्था पर ही हमला क्यों किया जाता है। गैर भाजपा सरकारों के राज्यों में ही हिन्दूओं पर हमले क्यों हो रहे हैं? सवाल यह भी है कि संबंधित राज्य की सरकार और स्थानीय पुलिस-प्रशासन ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए पहले से ही सतर्क क्यों नहीं रहता और दो समुदायों के बीच हिंसा भड़कने का इंतजार क्यों करता है? हर साल की तरह इस बार भी रामनवमी के दिन पश्चिम बंगाल, गुजरात, महाराष्ट्र में हिंसा हुई और इसके बाद बिहार सुलग उठा। बिहार के नालंदा एवं सासाराम सहित अन्य जगहों पर दो दिन से भीषण हिंसा हो रही है जिसे रोकने के लिए केन्द्रीय अर्धसैनिक बल तैनात करना पड़ा है। ऐसे में सवाल यह है कि इस प्रकार की घटनाओं के लिए किसे जिम्मेदार ठहराया जाए? हिंसा की ऐसी घटनाओं पर राजनीति करते हुए एक-दूसरे पर दोषारोपण करना तो हमारे देश में जैसे रिवाज बन चुका है लेकिन कोई भी राज्य सरकार इसके लिए अपनी चूक मानने को तैयार नहीं होती कि यह उसकी प्रशासनिक विफलता है। समाज एवं राष्ट्र में जो संकीर्ण साम्प्रदायिक व्यवस्था है और जो पनप रही है, वह न्याय के घेरे से बाहर है। सब चाहते हैं, उपदेश देते हैं कि धर्म विशेष के साथ अन्याय न हो, शोषण न हो। लेकिन वह धर्म-विशेष अन्याय करें, हिंसा करें, उत्पादी एवं उन्मादी माहौल निर्मित करें तो उसका प्रतिकार जरूरी है, तभी राष्ट्रीय एकता बन सकती है।

यह कैसा साम्प्रदायिक सौहार्द है जिसमें हिंदू आस्था का अपमान हो लेकिन चुप रहो। मां काली को सिगरेट पीते हुए दिखाया जाए, लेकिन कुछ मत बोलो। महादेव और मां पार्वती का मखौल उड़ाया जाए लेकिन खामोश रहो। हिन्दू त्यौहारों पर होने वाले हमले पर मौन रहो, आखिर साम्प्रदायिक सौहार्द के नाम पर इस देश में कौन सा खेल खेला गया और खेला जा रहा है। आखिर कब तक हिन्दू धर्म के लोग ही सहिष्णुता एवं धार्मिक सौहार्द के लिये स्वयं का बलिदान करते रहेंगे?रामनवमी और उसके दूसरे दिन भी नमाज के बाद हिंसा की सबसे क्रूर तस्वीरें पश्चिम बंगाल से सामने आई। अपनी कमजोरी छिपाने के लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने यह तर्क दिया कि मना करने के बाद भी मुस्लिम इलाकों से शोभायात्रा निकाली गई इसलिए हिंसा भड़की लेकिन सवाल यह है कि मुस्लिम इलाकों से शोभा यात्रा निकालना कोई अपराध है? ममता बनर्जी का यह कैसा बेतुका तर्क है। 1947 में धर्म के आधार पर भारत के बंटवारे के बाद अब ममता बनर्जी धर्म के आधार पर भारत का आंतरिक बंटवारा करना चाहती है? ममता बनर्जी का यह बयान देश की एकता-अखंडता की दृष्टि से बेहद खतरनाक है। वास्तविक रूप से देखा जाए तो पश्चिम बंगाल में हुई भीषण हिंसा के लिए ममता बनर्जी के एक बयान को जिम्मेदार माना जा रहा है। ममता बनर्जी ने रामनवमी के एक दिन पहले कहा था कि मैं रामनवमी की शोभायात्रा को नहीं रोकूंगी लेकिन शोभायात्रा के दौरान अगर किसी मुस्लिम के घर हमला किया गया तो मैं



छोडूंगी नहीं। जबकि उन्हें यह भी कहना चाहिए कि यदि किसी शोभायात्रा पर हमला किया तो उस पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

बात केवल पश्चिम बंगाल की नहीं है, बिहार, राजस्थान आदि में भी मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति की जा रही है, कट्टरवादी समुदाय की हिंसक एवं उन्मादी घटनाओं को दबाया जाता है। इस कारण हिन्दू त्यौहारों पर लगातार हमले हो रहे हैं। हिन्दू नववर्ष, श्रीरामनवमी, श्री हनुमान जयंती आदि हिंदुओं के त्योहारों के समय देशभर में निकाली गई शोभायात्राओं पर जिहादी, उत्पादी एवं हिंसक प्रवृत्तियों द्वारा भीषण आक्रमण किए गए। ये हिन्दू-मुसलमान दंगे नहीं थे, अपितु आतंकवादी प्रवृत्ति के जिहादियों द्वारा योजनाबद्ध पद्धति से किए गए एक पक्षीय आक्रमण थे। राजस्थान के करौली के आक्रमण में सम्मिलित राजस्थान के सत्ताधारी दल के जनप्रतिनिधि और अन्य जिहादियों पर कार्यवाही करना तो दूर उनकी जानकारी प्रसार माध्यमों द्वारा देने एवं लोगों द्वारा शिकायत करने पर भी उन पर कार्यवाही नहीं की गई। इसके विपरीत सरकार उनका बचाव कर रही है। जो तीव्र प्रतिकार और विरोध करता है, उसकी बात सरकार और न्यायालय सुनते हैं। इसलिए बहुसंख्यक हिन्दू समाज जब तक ऐसे आक्रमणों का उचित प्रतिकार और विरोध नहीं करते, तब तक ये घटनाएं नहीं रुकेंगी। लेकिन ऐसा करने को प्रोत्साहन देना देश की एकता एवं अखण्डता को खण्डित ही करेगा। हिन्दू एवं अन्य समुदायों के लोग इंसान से इंसान को जोड़ने में विश्वास करते हैं, जबकि मुस्लिम समुदाय ऐसा नहीं कर पा रहा है। ऐसा नहीं है मुसलमानों में अधिकांश लोग भी तोड़ने में नहीं, बल्कि जोड़ने में ही विश्वास करते हैं, कुछ उन्मादी एवं हिंसक ताकतें समूची कौम पर दाग लगाती है, जिनको राजनीतिक स्वार्थ की भेंट चढ़ाया जाता है।

हिन्दू त्यौहारों की अहिंसक एवं सौहार्द संस्कृति को धुंधलाने के लिये राजनेता, फिल्मकार, पत्रकार बड़े पैमाने पर सक्रिय हैं। फिल्म 'अतरंगी रे' के कई दृश्यों में हिन्दू देवी-देवताओं और धर्मग्रंथों का अपमान किया गया है। भगवान शिव और हनुमानजी को लेकर अपशब्दों का प्रयोग किया गया है, तो रामायण की भी आपत्तिजनक व्याख्या की गई है। यहाँ तक की फिल्म में हिन्दू लड़की और मुस्लिम लड़के के प्यार को दिखा कर 'लव जिहाद' को भी बढ़ावा दिया गया है। हालही में ब्रह्मास्त्र का ट्रेलर रिलीज हुआ जिसमें अभिनेता रणबीर कपूर जूते पहनकर मंदिर में एंट्री ले रहे हैं और जूता पहनकर मंदिर की घंटियां बजा रहे हैं। इस तरह जान-बूझकर हिन्दू त्यौहारों से जुड़ी आस्था को कुचलने, मंदिर, देवी-देवताओं का अपमान सरेआम होता है और महत्वपूर्ण बात ये है कि ये सब अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर किया जा रहा है। सोचिए विचारों को प्रकट करने की आजादी जिसे अभिव्यक्ति का अधिकार कहा जाता है, वो कैसे सीमाओं को पार कर जाता है और हिंदू देवी-देवताओं के अपमान को सही ठहराने लगता है।

रामनवमी के दिन सुनियोजित तरीके से भीषण हिंसा को अंजाम दिया गया जिसमें पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों सहित कई निर्दोष लोग घायल हो गए और कई करोड़ की संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया। खास बात यह है कि इस हिंसा को लेकर सभी राजनीतिक दलों की ओर से सधी हुई भाषा में प्रतिकिक्रयाएं आ रही हैं जबकि छोटी-छोटी घटनाओं पर गला फाड़ आवाज उठाने वाले तथाकथित मानवाधिकारवादी, लिवरल गैंग, अवार्ड वापसी गैंग, टुकड़े-टुकड़े गैंग से जुड़े लोग तो ऐसे शांत है जैसे देश में सब कुछ ठीक चल रहा है। यदि ऐसी ही हिंसा ईद जैसी किसी मुस्लिम त्योहार पर हो जाती तो आज कथित धर्मनिरपेक्षता का कंबल ओढ़कर तमाम संगठन छाती पीट रहे होते और भारत से लेकर विदेशों तक एक ही वाक्य गूंज रहा होता कि भारत का लोकतंत्र खतरे में है। सवाल यह है कि इन तथाकथित धर्मनिरपेक्ष लोगों के लिए हिन्दू और हिन्दुओं का खून इतना सस्ता क्यों है?

आज समाज का सारा नक्शा बदल रहा है। परस्पर समभाव या सद्भाव केवल अब उपदेश देने तक रह गया है। हो सकता है भीतर ही भीतर कुछ घटित हो रहा है। ये हालात जो सामने आ रहे हैं, वे आजादी के पहले से ही अन्दर ही अन्दर पनप रहे हैं। राष्ट्र जिन डाटों के सहारे सुरक्षित था, लगता है उनको हमारे नेताओं की वोट नीति व अवांछनीय तत्वों ने खोल दिया है। आने वाले चुनावों में धर्मान्धता को उभारा जाएगा, उस सीमा तक लोगों की भावना को गर्माया जाएगा- जहां इसे सत्ता में ढाला जा सके। लेकिन जब-जब ऐसी आसूरी शक्तियां सक्रिय होती है कोई-न-कोई श्रीकृष्ण प्रकट होता है। धर्म तो पवित्र चीज है। इसके प्रति श्रद्धा हो। अवश्य होनी चाहिए। पूर्ण रूप से होनी चाहिए। परन्तु धर्म की जब तक अन्धविश्वास से मुक्ति नहीं होगी तब तक वास्तविक धर्म का जन्म नहीं होगा। धर्म विश्वास में नहीं, विवेक में है। अन्यथा अन्धविश्वास का फायदा राजनीतिज्ञ व आतंकवादी उठाते रहेंगे।

# अमेरिका के रियलिटी टीवी में ज्यादा ही रियल!

**श्रुति व्यास**

अमरीकियों कोरियलिटी टीवी शो बहुत पसंद हैं। और इन दिनों वे और सारी दुनिया एक बेहतरीन रियलिटी शो देख रहे हैं। इस शो के नायक हैं रियलिटी टेलीविजन के बेताज बादशाह डोनाल्ड ट्रंप।जब से उनपर मुकदमा की खबरेंसुर्खियाँ बनींतभी से लोग टीवी, मोबाइल और सोशल मीडिया से लगातार जुड़े हुए हैं और बेसब्री से यह प्रतीक्षा कर रहे हैं कि आगे क्या होगा। और मंगलवार को यह नौटंकी और दिलचस्प हो गई।

नेवी रंग का सूट और लाल टाई धारण किये हुए पूर्व राष्टपति ट्रंप मुंह लटकाकर मेनहटन की अदालत में पहुंचे। वे गुस्से में नजर आ रहे थे और केवल अपने समर्थकों, संवाददाताओं और तमाशबीनों का अभिवादन करने के लिए रूके।पूर्व राष्टपति पिछले कई हफ्तों से यह रणनीति बनाने में जुटे थे कि अदालत में उनके तेवर बगावती लगें और इसलिए उन्होंने अपना जबड़ा कस के बंद कर रखा था। अदालत में पहुंचने पर किसी भी अन्य आरोपी की तरह उनकी उंगलियों के निशान लिए गए। किंतु जैसी की उम्मीद थी, उन्हें न तो हथकड़ी लगाई गई और न ही अदालती रिकार्ड के लिए उनकी तस्वीर ली गई।कोर्ट रूम में शुरूआती थोड़े से समय को छोड़कर टीवी कैमरे और फोटोग्राफर मौजूद नहीं थे।ट्रंप ज्यादातर समय गुस्से से उबलते नजर आए। वे बहुत कम बोले और उन्होंने उन पर लगे 34आरोपों के बारे में केवल दो शब्द कहे ङ्क 'नाट गिल्टी' (निर्दोष)।जब न्यूयार्क उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश वानमर्चेन ने उन्हें चेतावनी दी कि कार्यवाही में बाधा उत्पन्न करने पर उन्हें बाहर किया जा सकता है तो उन्होंने गहरी सांस लेकर कहा,'मुझे पता है'। अमरीका के पूर्व राष्टपति के लिए वे क्षण सचमुच तनाव भरे रहे होंगे।उन्हें यह विश्वास ही नहीं हो रहा होगा कि उनके साथ यह हो सकता है। उनके मुकदमे की सुनवाई 2024 के वसंत में हो सकती है, जिस समय राष्टपति के चुनाव के लिए प्रायमरी चल रही होंगी।जाहिर है कि ट्रंप के एक बार फिर व्हाईट हाऊस में पहुंचने के स्वप्न को पूरा करने में वे प्राइमरी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। अदालत से निकलकर ट्रंप मारगालागो पहुंचे जहां वे जमकर गरजे और अपनासारागुस्सा,जो उन्होंने अदालत में जज्ब किया होगा, बाहर निकल दिया।उन्होंने अपने 25 मिनट के छोटे से (उनके लिहाज से) भाषण में झूठ का वही पुराना पुलिंदा खोला। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ झूठे आधारों पर जांच की जा रही है और उन्हें उत्पीड़ित किया जा रहा है। उन्होंने बाईडन के परिवार पर भ्रष्टाचार के आधारहीन आरोप लगाए और डिस्ट्रिक्ट एटार्नी ऐल्विन ब्रेग और उनके परिवार को निशाना बनाया। वे गुस्से में लाल-पीले हो रहे थे।

मंगलवार को जो हुआ वह अमरीका के इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ था। यह पहली बार है कि एक पूर्व राष्टपति पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए। यही कारण था कि 'टाईम'और 'एटलांटिक'ने घटनाक्रम की अपनी रिपोर्ट को एक शब्द का शीर्षक दिया 'अभूतपूर्व'।और जो हुआ वह सचमुच अभूतपूर्व था।जैसा कि मैंने पहले भी लिखा था, अमरीका दो हिस्सों में बंट गया है। और यह विभाजन अदालत के बाहर भी देखा जा सकता था जहां बैरिकेड के एक ओर ट्रंप के समर्थक थे और दूसरी ओर उनके विरोधी। अमरीका केमित्र देश आशंकित हैं। वे मुक़दमे के अगले साल होने वाले राष्टपति चुनाव पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर चिंतित हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि इस पूरी ड्रामेबाजी से ट्रंप के रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार के रूप में उभरने की संभावना और मजबूत हुई है। जाहिर है कि अमरीका के दोस्त और उसके दुश्मन दोनों को इस तथ्य को ध्यान में रखना होगा।सबसे ज्यादा चिंतित यूक्रेन के राष्टपति जेलेंस्की को होना चाहिए। अगर ट्रंप व्हाईट हाऊस लौटे तो रूस के खिलाफ लड़ाई में यूक्रेन को मिल रही अमरीकी मदद पर पूर्ण विराम लग जाएगा। नाटो भी परेशान होगा। ट्रंप ने नाटो से अपनी चिढ़ को कभी छुपाया नहीं है।न्यूयार्क का मामला ट्रंप की कानून से भिड़ंत का एकमात्र उदाहरण नहीं है। छह जनवरी को संसद पर हुए हमले, गुप्त दस्तावेजों को अवैध रूप से अपने पास रखने और 2020 में जार्जिया में चुनाव को पलटने का प्रयास करने के मामलों उनके खिलाफ आपराधिक जांच जारी है। इसके अलावा उनके व्यापारिक लेन-देन भी जांच के घेरे में हैं और बलात्कार के आरोप से जुड़ा मानहानि का एक मुकदमा भी उनपर चल रहा है। इन मामलों में उनके दोषी सिद्ध होने की संभावना कम ही है और इन प्रकरणों के कारण ट्रंप के 2024 का चुनाव लड़ने और जीतने पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा।परंतु रियलिटी टेलीविजन की रियलिटी और वास्तविक रियलिटी में बहुत फर्क होता है। हम यह नहीं भूल सकते कि जो कुछ हो रहा है उससे ट्रंप और ताकतवर बन रहे हैं और यह दुनिया और अमरीका के लिए अशुभ है। ट्रंप की मित्रमंडली निश्चित रूप से प्रसन्न होगी और उनके सुर में अपना सुर मिलाएगी। परंतु अमरीका के दोस्तों को चौकस रहना चाहिए क्योंकि रियलिटी टीवी कुछ ज्यादा ही रियल हो रहा है।

# बेमेतरा हत्याकाण्ड के विरोध में दंतेवाड़ा जिला रहा बंद

## विहिप बजरंगल दल के आव्हान पर व्यापारी संघ का मिला पूर्ण समर्थन, आवश्यक सेवाओं को छोड़ सभी प्रतिष्ठानें सुबह से रही बंद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**दंतेवाड़ा 10 अप्रैल।** बेमेतरा के साजा बिरनपुर में दो समुदायों के बीच हुई हिंसक झड़प के बाद एक युवक की मौत होने के मामले पर आज विहिप बजरंग दल ने एक दिवसीय छत्तीसगढ़ बंद का आव्हान किया था। इसी तारतम्य में दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिला भी विहिप के आव्हान पर पूर्णतः बंद रहा। सोशल मीडिया पर बंद की खबर मिलने के बाद से ही अधिकांश व्यापारियों ने स्वस्फूर्त अपनी दुकानों को आज बंद रखा। मेडिकल, फल, दुध, पेट्रोल जैसी आवश्यक सेवाओं को छोड़ सभी प्रतिष्ठानें आज सुबह से ही बंद रही। विहिप बजरंग दल ने व्यापारी संघ, भाजपा एवं अनुसागिक संगठनों से बंद का समर्थन मांगा था सभी के समर्थन एवं सहयोग से आज दंतेवाड़ा, गीदम, बचेली किरंदुल पूर्णतः बंद रहा।

गौरतलब है कि विगत दिनों छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले के बिरनपुर गांव में बच्चों के बीच शुरू हुई आपसी झगड़े ने बड़ा रूप ले लिया और देखते ही देखते ये झगड़ा दो समुदायों के बीच हिंसक रूप अख्तियार कर लिया। जानकारी के मुताबिक एक विशेष धर्म समुदाय के लोगों द्वारा बिरनपुर निवासी भुनेश्वर साहू के साथ मारपीट कर उसकी हत्या कर दी। जिसके बाद से प्रदेश भर में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। पुलिस ने सभी जेहादियों को गिरफतार कर लिया है। ईधर विहिप बजरंल दल एवं सर्व हिन्दू समाज ने घटना को शर्मनाक बताते हुए विरोध में आज एक दिवसीय छत्तीसगढ़ बंद बुलाया है। विहिप के लोगों का कहना है कि एक धर्म विशेष के लोगों द्वारा हिन्दुओं को टारगेट कर इस तरह की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। कटरपंथी इस्लामिक जेहादी मानसिकता से भरे लोग आए दिन शांतिप्रिय हिन्दु समुदाय के लोगों को टारगेट कर उन्हें मारने पीटने एवं हत्या करने का कार्य कर रहे हैं। सरकार से समर्थन एवं संरक्षण प्राप्त कर ये इस्लामिक जेहादी किसी भी हद तक जाने को हमेशा तैयार रहते हैं।

जिसे रोकने में प्रदेश की पुलिस एवं सरकार नाकाम साबित हो रही है। हिन्दुओं को टारगेट किया जा रहा है। इसी के विरोध में आज प्रदेश का समस्त हिन्दू समाज सडकों पर उतरा है। दंतवाड़ा बंद को भाजपा, एबीवीपी, किसान मोचा, समेत कई अन्य संगठनों ने भी समर्थन किया है। आज सुबह से शहर की तमाम प्रतिष्ठानें बंद रही जिससे आम लोगों को कई जरूरी सामान खरीदने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पुलिस प्रशासन को एक दिन पूर्व ही विहिप बजरंगल दल के पदाधिकारियों ने पत्र लिखकर बंद के विषय में सूचना दे दिया गया था। आज दंतेवाड़ा बंद पूरी तरह से सफल एवं शांतिपूर्ण रहा।

## एक नजर

### बेमेतरा कांड को लेकर बंद रहा गीदम नगर, सड़कों पर रहा सन्नाटा




**गीदम, 10 अप्रैल।** व्यापारिक नगरी गीदम आज सोमवार को बेमेतरा जिले में हुए कांड को लेकर बंद रही । शहर के चौक चौराहों पर पुलिस बल भी तैनात दिखी । विहिप के बंद का गीदम नगर में व्यापक असर देखने को मिला । बता दे कि बेमेतरा जिले के साजा थानां अंतर्गत बिरनपुर में 22 वर्षीय युवक भुनेश्वर साहू की बर्बरता पूर्वक हत्या के विरोध में विहिप ने आज राज्यव्यापी बंद का आव्हान किया था इसी क्रम में गीदम नगर में भी विहिप के बंद का आज व्यापक असर देखने को मिला । सुबह से ही नगर के सभी व्यापारियों की प्रतिष्ठाने बंद रही । नगर में चप्पे चप्पे पर सन्नाटा पसरा रहा । इधर बंद के दौरान पुलिस बल के जवान भी चौक चौराहो पर तैनात नजर आए।

### सामाजिक न्याय सप्ताह के तहत भाजपाइयों ने की मंदिर परिसर की साफ-सफाई



**नारायणपुर 10 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम सामाजिक न्याय सप्ताह के तहत स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत आज नगर के पुराना बसस्टैंड स्थित हनुमान मंदीर परिसर मे जिला भाजपा के द्वारा साफ सफाई का कार्य किया गया।इस दौरान भाजपा कार्यकारी जिलाध्यक्ष रतन दुबे ने बताया की पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के आवाह्न पर सामाजिक न्याय सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे आयुष्मान भारत,प्रधानमंत्री आवास,किसान सम्मानिधि सहित अन्य कार्यक्रम बूथ, मंडल व जिला स्तर पर संपादित किये जा रहे है उसी क्रम में आज स्वच्छ भारत अभियान के तहत मंदीर परिसर की साफ सफाई की गयी है।इस अवसर पर भाजपा नेता संदीप झा, मरण शील, प्रशांत सिंह, अशोक कर्मकार, आकाश ठाकुर, मोदनारायण झा सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता शामिल हुए।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल में 10 अप्रैल से प्रवेश शुरू, जरूरतमद को मिलेगी प्राथमिकता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 10 अप्रैल।** स्वामी आत्मानन्द स्कूल कुम्हाररास में प्रति वर्ष के भांति इस नवीन सत्र 2023-24 में भी शासन के निर्देशानुसार दिनांक 10 अप्रैल 2023 से प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो रही है। आवेदक 10 अप्रैल 2023 से 05 मई 2023 तक आवेदन कर सकते हैं। लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ के द्वारा जारी दिशा निर्देश के अनुसार स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में प्रवेश हेतु निर्देशों का पालन किया जाएगा। विद्यालय में एलकेजी से 12वीं तक की कक्षाऐं वर्तमान में संचालित है। ऑनलाईन आवेदन हेतु लिंक https://cgschool-in पर आवेदन कर सकते है। प्रवेश हेतु आवेदन ऑनलाईन तथा ऑफलाईन दोनो माध्यम से किया जा सकेगा। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में राज्य में पूर्व से चल रहे अंग्रेजी माध्यम के 152 प्राथमिक तथा 153 पूर्व माध्यमिक शालाओं के छात्र / छात्राओं को कक्षा 6 वीं एवं कक्षा 9 वीं में प्राथमिकता से प्रवेश दिया जा सकेगा। एक विद्यार्थी एक ही विद्यालय के लिए आवेदन कर सकेगा। महतारी दुलार योजना के कारण अनाथ हुए बच्चों को विशेष प्राथमिकता से प्रवेश दिया जायेगा जिसमें आवेदन के साथ पालक का मृत्यु प्रमाण पत्र सलग्न किया जाना अनिवार्य होगा। प्रत्येक कक्षा में रिक्त सीट का 50 फीसदी छात्राओं का चयन किया जायेगा बालिकाओं के पर्याप्त संख्या नहीं होने पर बालकों से सीट भरी जा सकेगी। बीपीएल एवं आर्थिक रूप से कमजोर पालकों के बच्चों को कुल रिक्त सीट के 25 फीसदी सीटों के विरुद्ध प्रवेश दिया जावेगा, इसके लिए पालको को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। कुल रिक्त पदों के 25 फीसदी सीटों पर आवेदक बच्चों का प्रवेश लॉटरी सिस्टम से होगा अर्थात् कम्प्यूटर के माध्यम से रेंडमली चयन किया जा सकेगा। कक्षा पहली में प्रवेश हेतु विद्यार्थी की आयु 31 मई 2023 को 5 वर्ष 6 माह से 6 वर्ष 6 माह तक होना अनिवार्य है। रिक्त सीट के विरुद्ध अधिक आवेदन होने पर लॉटरी द्वारा चयन किया जाएगा। पूर्व की भांति इस सत्र में भी एकेजी एवं यूकेजी की कक्षाऐं प्रारम्भ है, एलकेजी में प्रवेश हेतु विद्यार्थी की आयु 31 मई 2023 को 3 वर्ष 6 माह से 4 वर्ष 6 माह तक होना अनिवार्य है।

# पोटकपल्ली उप स्वास्थ्य केंद्र से ग्रामीणों को मिल रही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 10 अप्रैल।** शासन-प्रशासन के प्रयासों से जिले के सुदूर ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं का पहुंच आसान बनाया जा रहा है। ग्रामीण इलाकों के आमजनों को सामान्य बीमारियों के उपचार लिए जिला अस्पताल ना आना पड़े इसके लिए ग्राम स्तर पर अस्पताल की तरह ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। सुदूर ग्रामीण क्षेत्र ग्राम पोटकपल्ली में एक माह पूर्व से ही उप स्वास्थ्य केन्द्र संचालित किया जा रहा है।

उप स्वास्थ्य केंद्र के संचालन से पोटकपल्ली, साकले, सालातोंग, पालचलमा सहित आसपास के ग्राम वासियों को निश्चित तौर से इसका लाभ मिल रहा है। साथ ही सामान्य बीमारियों के इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर निःशुल्क सेवाओं का लाभ रहे हैं। ग्राम स्तर पर ही स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराई जाने से आस-पास के ग्रामीणों में काफी राहत है। ग्रामीणों को तत्काल स्वास्थ्य सुविधाएं मिले इसके लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ता नजदीक के गांव में रहकर उप स्वास्थ्य केंद्र में सेवा प्रदान कर रही है। साथ ही स्वास्थ्य कार्यकर्ता की टीम के द्वारा नजदीक के ग्राम में अलग-अलग दिवसों में शिविर का आयोजन कर ग्रामीणों को इलाज के साथ ही चिकित्सा संबंधी परामर्श दी जा रही है।



## समाचार संक्षेप

### कलेक्टर ने कृषि विज्ञान केंद्र का किया निरीक्षण



**सुकमा 10 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री हरिस एस ने कृषि विज्ञान केंद्र सुकमा के प्रक्षेत्र का भ्रमण एवं अवलोकन किया। उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा लगाई गई मूंग, उड़द एवं रागी फसलों के अवलोकन के साथ साथ इरिगेशन पाइप इंटर लिंकिंग कार्य का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने इस दौरान केंद्र में बनाई गई मुर्गी पालन, बटेर पालन, बकरी पालन एवं मशरूम उत्पादन इकाई के साथ साथ चिराग परियोजना के बारे में अधिकारियों से विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र में भूमि समतलीकरण, मछली पालन हेतु तालाब, वाटर हार्वेस्टिंग हेतु डबरी, वाटर टैंक एवं पुलिया निर्माण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान कार्यपालन अभियंता श्री अनिल राठौर, मत्स्य विभाग से श्री ओम प्रकाश मांडवी, भूमि संरक्षण विभाग से श्री सुनील कुमार , केवीके से श्री हनुमंत तोमर, राजेंद्र कश्यप, सीनियर रिसर्च फैलो श्री वीरेन्द्र चौहान सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### स्वस्थ बालक-बालिका स्पर्धा और व्यंजन प्रतियोगिता में सभी ने लिया उत्साह से भाग



**सुकमा 10 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** स्वामी विवेकानंद सभागार परिसर पुराना कलेक्ट्रेट सुकमा में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा परियोजना स्तरीय स्वस्थ बालक-बालिका स्पर्धा और व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके साथ ही मिलेट फसलों की उपयोगिता के संबंध में सरपंच और प्रगणक दलों के साथ चर्चा किया गया। प्रतिभागियों को पुरस्कृत करने के साथ ही स्वस्थ बालक बालिका स्पर्धा में भाग लेने वाले माताओं को सुपोषण टोकरी भेंट किया गया। पौष्टिक मिलेट का व्यंजन प्रतियोगिता में सुकमा के श्रीमती दयावती प्रथम रहीं, वहीं कोर्रा के श्रीमती डालमी गौतम द्वितीय पुरस्कार जीतीं। इसी प्रकार स्वस्थ बालक बालिका स्पर्धा में सुकमा के ट्विंकल प्रथम और कुश्वंत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री डीएन कश्यप , जिला पंचायत परियोजना अधिकारी श्री भगत, जनपद पंचायत सुकमा सीईओ श्री बलवंत मार्को, कृषि विभाग से श्री बेक सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### सीआरपीएफ-111 बटालियन ने किया सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन

**गीदम 10 अप्रैल।** सीआरपीएफ 111 बटालियन द्वारा शिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन हुआ, यह आयोजन नीरज यादव , कमान्डेंट-111 बटालियन केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल के निर्देशानुसार ई/111 बटालियन समेली के द्वारा अरबे के अंतर्गत पटेलपारा, मायापारा, जोगापारा, कोसापारा के ग्रामीणों के लिए आयोजित हुआ । जिसमे ग्रामीणो ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान ग्रामीणो को आवश्यक सामग्रीया वितरण की गई । कार्यक्रम का उदघाटन रोहतास चौधरी द्वितीय कमान अधिकारी-111 बटालियन, केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल द्वारा किया गया द्व ग्रामीणों को सोलर लाइट का भी वितरण किया गया, साथ ही ग्रामीणों को देश और क्षेत्र की विकास योजनाओं के ताजा हालत से रूबरू कराने एवं भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे लाभान्वित योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा समाज के मुख्य धारा से भटके युवाओं को मुख्य धारा में लाने एवं हिंसा छोड़ शांति और विकास के रास्ते पर चलने के लिए नक्सल उन्मूलन अभियान से ग्रामीणों को भी अवगत कराया गया द्व इस अवसर पर रोहतास चौधरी द्वितीय कमान अधिकारी-111 बटालियन, केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल द्वारा ग्रामीणों तथा नवयुवकों को हिंसा का मार्ग छोड़कर मुख्य धारा से जुड़ने तथा भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से लाभान्वित होने के बारे में जागरूक किया गया द्व सिविक एक्शन कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों की भागीदारी सराहनीय रही तथा ग्रामीणों ने मौके पर उपस्थित केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल के अधिकारी एवं जवानों के कार्य के प्रति सराहना भी की गई द्व इस कार्यक्रम में 111 बटालियन के रोहतास चौधरी द्वितीय कमान अधिकारी, रंजन कुमार साहु सहायक कमान्डेंट, निरीक्षक/जीडी प्रवीन प्रकाश के साथ बटालियन के अन्य जवान भी उपस्थित थे।



# 219वी वाहिनी ने मनाया 58 वाँ शौर्य दिवस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 10 अप्रैल।** 9 मार्च को 219वी वाहिनी के.रि.पु. बल मुख्यालय इंजराम में 58वाँ शौर्य दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम सभी अधिकारियों, अधिनस्थ अधिकारियों एवं जवानों द्वारा वीर शहीदों को श्रद्धांजली अर्पित की गई । कार्यक्रम के दौरान वाहिनी के सभी जवानों को शौर्य दिवस का महत्व बताते हुए कहा कि 1965 के युद्ध के दौरान आज ही के दिन (09 अप्रैल) पाकिस्तानी सैनिकों के एक समूह ने कच्छ सीमा पर सीआरपीएफ की दो चौकियों पर हमला किया था। तब इन सैनिकों ने पाकिस्तानी सेना के हमले को रोक दिया और उन्हें लगभग 12 घंटे तक आगे बढ़ने नहीं दिया, जब तक कि पीछे से भारतीय सेना की मदद नहीं आ गई। इस हमले में सीआरपीएफ के 6 जवान शहीद हो गए थे, जबकि उन्होंने 34 पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया और चार को जिंदा पकड़ लिया था । सीआरपीएफ बलों ने पाकिस्तानी ब्रिगेड बलों का इतनी बहादुरी से मुकाबला किया कि पाकिस्तान ब्रिगेड को पीछे हटना पड़ा। सैन्य युद्ध के इतिहास में यह दिन एक बेहतरीन मिसाल है। सीआरपीएफ जवान की गाथा को सम्मानित करने के लिए हर साल 9 अप्रैल को शौर्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। साथ ही सभी कार्मिकों को देश सेवा के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि, हमें देश कि सुरक्षा, एकता व अखंडता को बनाये रखने के लिए हमेशा निष्ठा के साथ तैयार रहना चाहिए । इस कार्यक्रम में श्री नीरज कुमार सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी, श्री सूर्यकान्त सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी, श्री सतीश सांगवान, सहा. कमां, डॉ. लाकेश करोल, चिकित्सा अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी एवं सभी जवान उपस्थित थे।





# नक्सलियों ने 3 कारोबारियों से की मारपीट,1 की हुई मौत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा 10 अप्रैल।** दिनांक 8 अप्रैल 2023 को सुकमा जिला अंतर्गत पोलमपल्ली थाना क्षेत्र के ग्राम पालामडगू में तीन बाइक सवार सामान बेचने वालों पर 20-25 नक्सलियों द्वारा इस हमला कर मारपीट की गई । इस घटना में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए गए। नक्सलियों द्वारा उनके मोबाइल व अन्य सामान लूट लिए गए उक्त सूचना की प्राप्ति पर पुलिस अधीक्षक सुकमा के निर्देशन पर डीआरजी ,थाना पुलिस व सीआरपीएफ 223 के संयुक्त बल को नक्सलियो के विरुद्ध कार्यवाही के लिये पालामडगू अरलमपल्ली के जंगलों में सर्चिंग के लिये रवाना किया गया था।

अभियान के दौरान लगभग जंगल में रात्रि लगभग 4 बजे नक्सलियों की कोंटा एरिया कमेटी के 30-35 नक्सलियों के साथ dvc मंगडू व acm वेट्टी भीमा की टीम के साथ सुरक्षा बलों की मुठभेड़ शुरू हो गई। मुठभेड़ में 04-05 वर्दीधारी नक्सलियों के घायल होने की संभावना है जिन्हे उनके साथी अपने साथ लेकर भाग गये।

घटना स्थल की सर्चिंग करने पर पीड़ित व्यक्तियों के मोबाइल ,पीड़ित व्यक्तियों की गाड़ी की चाबियाँ, एक मोटरसाइकिल ,चार सैट स्कैनर ,एंटीना ,पेट्रोल बम ,नक्सल साहित्य और दैनिक जीवन सामग्री आदि प्राप्त हुई

घटना स्थल के आस पास मिले संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ जारी है एवं अग्रिम वैधानिक कार्यवाही थाना पोलमपल्ली में की जा रही है उक्त घटना के संबंध में थाना पोलमपल्ली में अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## किया धरना प्रदर्शन, पक्ष में आये मंत्री कवासी लखमा

# नक्सल प्रभावित क्षेत्र में ड्रोन और बम हमले के विरोध में उतरे ग्रामीण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा 10 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के बस्तर में नक्सलवाद के खात्मे के लिये बस्तर में नक्सल मोर्चे पर तैनात अर्द्धसैनिक बलों और केंद्र राज्य सरकार के पुलिस अधिकारियों द्वारा समय–समय पर रणनीति में बदलाव किया जाता रहा है, लेकिन कुछ सालों से घोर नक्सल प्रभावित इलाकों में रहने वाले ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि फोर्स जमीन की लड़ाई के साथ साथ अब इस इलाके में हवाई बमबारी कर ग्रामीणों को नुकसान पहुंचाने का काम कर रही है. ग्रामीणों ने कहा कि बीते कुछ सालों में हुए हवाई हमले के प्रमाण पेश किए गए हैं. बावजूद इसके फोर्स द्वारा हेलीकॉप्टर से फायरिंग और ड्रोन से बमबारी लगातार जारी है.

दरअसल बीजापुर और सुकमा जिले के बॉर्डर पर मौजूद जंगलों से एक बार फिर हवाई बमबारी का आरोप नक्सलियों ने और स्थानीय ग्रामीणों ने लगाया है. नक्सली संगठन के दक्षिण बस्तर सब जोनल ब्यूरो की प्रवक्ता समता ने प्रेस नोट जारी कर हवाई बमबारी की जानकारी दी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के सुकमा दौरे को इस हमले के लिये जिम्मेदार ठहराया.

अमित शाह ने बस्तर दौरे के दौरान नक्सलियों के खात्मे की तैयारी अंतिम चरण में होने का दावा किया था. इस बयान के बाद से लगातार बस्तर के अंदरूनी इलाकों में ड्रोन से हमले किये जा रहे हैं. सुकमा और बीजापुर जिले के सरहद पर नक्सलियों के बाद ग्रामीणों ने भी हवाई बमबारी करने का आरोप लगाया है और साक्ष्य के तौर पर ग्रामीणों ने बम के अवशेष को दिखाते हुए विरोध जताया है.

**4 महीने के भीतर दो बार ड्रोन से बमबारी** : ग्रामीणों ने बताया कि 2021 से अब तक दक्षिण बस्तर के जंगलों में 4 बार हवाई बमबारी की गई है. इस साल 4 महीने के भीतर दो बार ड्रोन से बमबारी की गई है, ऐसे में आदिवासी किसान भयभीत हैं, बमबारी के दौरान कुछ ग्रामीण खेतों और कुछ महुआ बीनने का काम कर रहे थे.

ड्रोन से बमबारी के बाद हेलीकॉप्टर से भी फायरिंग की गई, ग्रामीण हवाई हमले से बचने अपने घर की तरफ भागने लगे. इस दौरान गिरने से कई लोग घायल हो गये हैं, जिसमें महिलाएं भी शामिल हैं. ग्रामीणों का कहना है कि उनका जीवन यापन खेती बाड़ी और वनोपज पर निर्भर है, इसके लिए उन्हें जंगल में हर रोज जाना पड़ता है. बमबारी के दौरान मौके पर भगदड़ मच गया, जिसमें कई ग्रामीण घायल हो गये हैं.

**ग्रामीणों ने बमबारी के विरोध में धरना देकर जताया विरोध :** जब्बागट्टा गांव में रहने वाले कलमू जोगा ने बताया कि जब ड्रोन से बम गिराया गया उस वक्त वह महुआ बीन रहा था, जैसी ही बमबारी हुई वह घर की तरफ भागने की कोशिश कर रहा था,भीषण बमबारी और फायरिंग के बीच वह अपने आप को बचाने की कोशिश में गिरकर घायल हो गया जिससे उसके सिर और कान में चोट आई है. ग्रामीणों का आरोप है कि शुक्रवार सुबह जिले के जब्बागट्टा, मीनागट्टा, कवरगट्टा, भट्टिगुड़ा गॉव के मोरकोमेट्टा पहाड़ी में ड्रोन से हमला किया गया. ग्रामीणों के अनुसार सुबह 6 बजकर 05 बजे पहली बमबारी की गई, फिर 5-5 मिनट के अंतराल में लगातार ड्रोन से बम गिराए गए. इसके बाद 3 हेलीकॉप्टर मौके पर पहुंचे और ताबड़तोड़ गोलीबारी की. ग्रामीणों का कहना है कि बीतें 3 सालों में 4 बार ड्रोन से अटैक किया गया है और ये हमले लगातार जारी हैं, इस तरह के हमले से सभी ग्रामीण डरे हुए हैं. ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि हमारे ही देश में सरकार हमारे ऊपर ड्रोन से बराबरी कर रही है, जिसके विरोध में चारों गांव के सैकड़ों ग्रामीण इकट्ठा होकर और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी कर इस बमबारी का विरोध जता रहे हैं. ग्रामीणों के पास ड्रोन से किए गए बमबारी के सबूत के तौर पर अवशेष भी मौजूद हैं।

## एक नजर



### तारेंद्र डनसेना अध्यक्ष, जयप्रकाश डनसेना उपाध्यक्ष बने

**खरसिया,10 अप्रैल।** रायगढ़ जिले अंतर्गत खरसिया ब्लॉक मे पत्रकारों की एक बैठक वन विभाग विश्राम गृह मे आहूत की गयी। जहां पत्रकार संघ का पुर्नगठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से नैनानंद वैष्णव, दयाशंकर दर्शन, जैकी चौहान संरक्षक बनाए गए। अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी तारेन्द्र डनसेना को दी गयी। टंकेश्वर राठौर उपाध्यक्ष, जयप्रकाश डनसेना उपाध्यक्ष, राजा खान उपाध्यक्ष, हेमेंद्र दर्शन सचिव, लक्ष्मी पटेल सह सचिव, विद्या चौहान सह सचिव, एवन बंजारा कोषाध्यक्ष, गुलाब डनसेना उपकोषाध्यक्ष, रवि पटेल उपकोषाध्यक्ष एवं कृष्ण गोपाल डनसेना, आशुतोष पटेल, मंगलेश डनसेना, गोपाल डनसेना, पूजा जायसवाल, यशोदा यादव कार्यकारिणी सदस्य बने।

### सर्व समाज ने अम्बेडकर जन्मोत्सव मनाने का लिया निर्णय



**गरियाबंद,10 अप्रैल।** नगर में भीमराव अम्बेडकर जन्मोत्सव कार्यक्रम को लेकर सवँ समाज अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी अंतर्गत समाज प्रमुखो की बैठक संपन्न हुई, जिसमे 14 अप्रेल को मनाये जाने वाले कार्यक्रम में सभी एस टी एस सी,ओ बी सी, जनरल सहित सभी समाजिक वर्गो को साथ लेकर चलते हुए भव्यतम कार्यक्रम किये जाने की सहमति बनी, समाज के हर घर ले लोगो को आकर एक जुट होकर इसमें शामिल होनें का निर्णय लिया गया वंही सभी पंचायतो से भी लोग वाहनों में जिला मुख्यालय में पहुंचेगे। नगर के बस स्टैंड में कार्यक्रम का आयोजन किया जाना हैं, साथ ही सभी यंहा से रैली के रूप में महाविद्यालय स्थित बाबा साहेब की आदम कद प्रतिमा के समक्ष पहुंचकर उनको याद करते हुए उनके सपनों को साकार करने का निर्णय लेते हुए शपथ लेने की बात कही साथ ही स्नेह भोज का आयोजन किया जायेगा.इस अवसर पर जिले के एस टी, एस सी, ओ बी सी वर्ग के एक एक मेघावी छात्रों को सविधान की कॉपी भेट की जाएगी।

### शौर्य दिवस पर शहीद भृगुनंदन सिंह चौधरी को किया याद

**गरियाबंद,10 अप्रैल।** वी के सिंह, कमाडेंट सर के दिशा निर्देश पर श्री भूदेव धमानिया, सहायक कमाडेंट के नेतृत्व में एक टीम गरियाबंद जिला मुख्यालय से तीन किलोमीटर दूर ग्राम सढ़ौली के शहीद जवान भृगुनंदन चौधरी के परिवार से मिलने एवं श्रद्धांजलि देने के लिए गयी जहाँ पर शहीद जवान की माता को पुष्प गुच्छ, वस्त्र एवं फल देकर बल द्वारा हमेशा शहीद परिवार के सुख दुख में साथ देने का भरोसा दिलाया। 205 बटालियन कोबरा फोर्स के कांस्टेबल भृगु नंदन चौधरी को माओवादियों से लड़ने और मौत के सामने दृढ़संकल्प और असाधारण बहादुरी का प्रदर्शन करने के लिए मरणोपरांत कीर्ति चक्र से सम्मानित किया गया। कांस्टेबल भृगुनंदन चौधरी कीर्ति-चक्र से नवाजे जाने वाले पहले सीआरपीएफ जवान हैं। यह पदक पाने वाले भृगुनंदन चौधरी छत्तीसगढ़ के पहले और देश के दूसरे शहीद जवान हैं। पहले उनका नाम शौर्य-चक्र के लिए नामित किया गया गया था। पर इंडियन आर्मी ने उनके बलिदान को देखते हुए उन्हें उससे भी बड़े कीर्ति-चक्र से सम्मानित किया।कीर्ति चक्र, महावीर चक्र के समकक्ष है। यह शांति-काल में दिया जाने वाला वीरता का दूसरा सर्वोच्च पदक है। उनकी माता श्रीमती सुशीला देवी ने 26 जनवरी, 2014 को उनकी तरफ से यह सम्मान ग्रहण किया। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (ष्ट्रक्क्रस्न) ने शहीद भृगुनंदन चौधरी की वीरगाथा पर कॉमिक्स भी प्रकाशित किया है।



### एनएसयूआई ने मनाया 53वॉ स्थापना दिवस

**महासमुंद।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन संगठन (एनएसयूआई) के स्थापना दिवस के अवसर पर महासमुंद के कांग्रेस भवन में ध्वजारोहण व केक काटकर 53वां स्थापना दिवस मनाया। जिसमें कांग्रेस शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल व ग्रामीण अध्यक्ष ढेलूराम निषाद विशेष रुप से सम्मिलित हुए।एनएसयूआई जिलाध्यक्ष शाहबाज राजवानी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी ने छात्र-छात्राओं की समस्या व उनके राजनीतिक में भागीदारी को मद्देनजर रखते हुए 9 अप्रैल 1971 को एनएसयूआई का नींव रखा, राजवानी ने छात्र नेताओं को सबोधित करते कहा कि एनएसयूआई के 53वॉ स्थापना दिवस पर मै सभी कार्यकरता को हार्दिक बधाई देता हूँ और सलाम भी करता हूँ हर उस कार्यकर्ता व नेता को जिन्होंने 1971 से 2023 तक अपने खून पसीने से लगातार छात्र संगठन को सींच कर एनएसयूआई के झंडे को बुलंद रखा। एनएसयूआई हमारी कांग्रेस पार्टी की नींव है। यही से छात्र लोकतांत्रिक एवं राजनैतिक गतिविधियां में हिस्सा लेकर पार्टी को मजबूती प्रदान करते हैं तथा उनमें राष्ट्रसेवा एवं कांग्रेस संगठन को मजबूत करने की भावना जाग्रत होती है। जिसमें प्रमुख रुप से कपिल साहू, प्रदीप चंद्राकर, हर्षित चंद्राकर, एनएसयूआई शहर अध्यक्ष शुभम चंद्राकर, निहाल राव चाकोले, सोमनारायण साहू, धनश्याम साहू, चुन्नीलाल साह गुलशन, दुर्गेश, हिमांशु, सूरज, होरी, मोहित आदि उपस्थित थे।

# साहसी बुआ ने कुएं में कूदकर बचाई डेढ़ साल के मासूम की जान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**गरियाबंद, 10 अप्रैल।** गरियाबंद में एक डेढ़ साल का मासूम गहरे कुएं में जा गिरा मगर बुआ के साहस के चलते मासूम की जान बच गई बुआ ने अपनी जान की परवाह ना करते हुए तत्काल कुएं में छलांग लगा दी किंतु तब तक बच्चे के पेट में पानी भर चुका था और सांस लगभग बंद हो रही थी इसके बाद बच्चे के पेट में भरा पानी दबाकर और बच्चे को उल्टा कर निकाला बच्चे को मुंह से सांसदी तब जाकर बच्चे की धड़कन पुनः चालू हुई घटना ग्राम केरगांव की है हालांकि बच्चे की हालत अभी भी पूरी तरह ठीक नहीं हुई है जिसे देखते हुए जिला चिकित्सालय से उसे रायपुर रेफर किया गया है।

केरगांव के ध्रुव परिवार के यहां आज शाम उस वक्त हड़कंप मच गया जब दादी ने देखा कि डेढ़ साल का मासूम हर्ष ध्रुव कुएं में गिर गया है और छटपटा रहा है दादी से देख कर रोने लगी बच्चे की मां दौड़ कराई तो उसे भी कुछ नहीं सूझा चीख-पुकार मचाने पर कुछ और लोग पहुंचे मगर गहरा कुआं देखकर हर कोई डरा हुआ था इसी बीच बच्चे की बुआ गायत्री ध्रुव ने बच्चे की जान बचाने अपनी जान की परवाह ना करते हुए अंधेरा होने के बावजूद 20 फीट गहरे कुएं में छलांग लगा दी और कुएं में बच्चे को ढूंढने लगी गरियाबंद जिला अस्पताल में साहसी बुआ गायत्री ध्रुव ने बताया कि नीचे बच्चे को ढूंढने पर उसकी सांस लगभग बंद हो रही थी पेट और सीने में पानी भर गया था बच्चे को उल्टा कर पेट को दबाकर पानी निकाली फिर भी सांस नहीं चालू हुई तो मुंह से बच्चे को सांस देकर कई बार फेफड़े में दबाने के बाद और खूब पानी निकला और बच्चे की सांस किसी तरह काफी मेहनत के बाद चालू हुई ऊपर से दूसरे लोगों ने जब रस्सी फेंकी तो अपने मैं लपेटकर बच्चे को लेकर स्वयं ऊपर आई तब तक लोगों ने 108 एंबुलेंस को फोन किया ।

108 केएमटी कृष्णा निषाद कथा पायलट शोभाराम में तत्परता दिखाते हुए तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर प्राथमिक उपचार करते हुए बच्चे को गरियाबंद जिला चिकित्सालय लाया यह वरिष्ठ चिकित्सक डॉ हरीश चौहान ने बच्चे को ऑक्सीजन देते हुए उसके फेफड़े में पानी भरने के चलते गंभीर स्थिति होने पर उसे रायपुर रिपेयर किया वही दुखद बात यह भी है कि कुएं में कूदने के चलते साहसी बुआ का पैर टूट गया जिसे गरियाबंद में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

# युवा कांग्रेस जिला बीजापुर ने किया यंग इंडिया के बोल सीजन-3 का विमोचन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 10 अप्रैल ।** 9 अप्रैल को बीजापुर जिला मुख्यालय कांग्रेस भवन में जोनल इंचार्ज सलमान नवाब युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव कमलेश कारम की उपस्थिति में बीजापुर जिला युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष कामेश मोरला के द्वारा एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया था जिसमे यंग इंडिया के बोल सीजन - 3 प्रतियोगिता का विमोचन किया गया। यंग इंडिया के बोल कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा शुरू किया गया भारतीय युवा कांग्रेस का एक महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट हैं जिसके तहत आम और सामान्य पृष्टभूमि के प्रतिभाशाली युवाओं को राजनीतिक मंच मुहैया कराया जाता हैं।युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सलमान नवाब ने बताया की जिस दौर में भाजपा नागरिकों की अभिव्यक्ति का आक्रमण कर रही हैं उस दौर में युवा कांग्रेस देश के युवाओं को बोलने का मंच प्रदान कर रही हैं। आम और सामान्य परिवार के युवाओं को राजनीति से जोड़कर सहभागी लोकतंत्र को मजबूत बनाना इस कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य हैं। पिछले दो सीजन की अभूतपूर्व सफलता के बाद अब हम तीसरा सीजन शुरू कर रहे हैं। आज देश महंगाई, बेरोजगारी, सार्वजनिक संपत्तियों की बिक्री, चीनी घुसपैठ, किसान समस्या, गिरती हुई अर्थव्यवस्था जैसे कई अन्य ज्वलंत मुद्दे हैं किंतु भाजपा सरकार इन असल मुद्दो से देश का ध्यान भ्रमित करने के लिए निरर्थक व उन्मादी मुद्दो को हवा देने का काम करती हैं ऐसे में इस प्रतियोगिता का सीजन - 3 भी देश के युवाओं की मुखर आवाज़ बनने का काम करेगा।इस अवसर पर जिला महामंत्री एवं पार्षद जितेंद्र हेमला, बब्बू राठी, लालू कुरसम, इमरान खान, अंशु कुरसम, ध्रुव, साहिल कुमार, मनोज कुरसम एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे थे।

### कॉलेज में निःशुल्क सीजी पीएससी कोचिंग के लिए प्रवेश परीक्षा हुई

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद के स्वामी विवेकानंद सभागार में 9 अप्रैल 2023 को प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल के निर्देशन व डॉ. मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो जिला महासमुंद के मार्गदर्शन में रोजगार एवं कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ तथा नेतृत्व साधना केंद्र दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में छत्तीसगढ़ के आर्थिक सामाजिक, भौगोलिक रूप से पिछड़े 70 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को निःशुल्क सीजीपीएससी वंचित पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों को निःशुल्क सीजीपीएससी की कोचिंग के लिए प्रवेश परीक्षा लीड -36 (चतुर्थ वर्ष में) का आयोजन किया गया।परीक्षा में कुल 76 अभ्यर्थी ने लिखित परीक्षा दी। परीक्षा में 100 अंक के वस्तुनिष्ठ एवं व्याख्यात्मक प्रश्न पूछे गए।

# हनुमान के भक्ति भाव को आत्मसात करने की जरूरत:अरोड़ा



**महासमुंद,10 अप्रैल।** बालयोगी विष्णु अरोड़ा ने कहा कि हनुमान जी की भक्ति भाव को आत्मसात करने की जरूरत है। जब तक भक्ति नहीं होगी तब तक भगवान की प्राप्ति नहीं होगी। इसलिए भक्ति मार्ग पर चलकर परमात्मा का पाने का प्रयास करना चाहिए।

आज रविवार को दादाबाड़ा में आयोजित श्री मारूति महायज्ञ के प्रवचन के दौरान बालयोगी श्री अरोड़ा ने भगवान हनुमान जी के भक्तिमय स्वरूप का वर्णन किया। बालयोगी श्री अरोड़ा के यज्ञस्थल पहुंचने पर यजमान विनोद सेवनलाल चंद्राकर व श्रीमती निर्मला चंद्राकर ने आरती उताकर स्वागत किया। बाद इसके प्रवचनकर्ता बालयोगी श्री अरोड़ा ने मधुरम मधुरम...गीत से व्याख्यान की शुरूआत करते हुए कहा कि भक्तिमय स्वरूप के बिना हनुमान चरित्र अधूरी रहेगी। उन्होंने रामचरित्र मानस के आधार पर वर्णन करते हुए कहा कि हनुमान जी का चरित्र बड़ा व्यापक है। भक्तिमय स्वरूप में हनुमान जी का विप्र ब्राह्मण रूप अदभूत रहा है। भगवान राम और हनुमान जी के मिलन के दौरान हनुमान जी विप्र रूप में सामने आए थे। हालांकि हनुमान जी सूक्ष्म, विकट सहित कई रूपों में सामने आए लेकिन विप्र रूप विलक्षण रूप रहा है। उन्होंने कहा कि हनुमान जी तीन बार विप्र रूप धारण किए। पहली बार सुग्रीव से मिलन के दौरान दूसरी बार भरत मिलन के दौरान और तीसरी बार विभिषण से मिलने के दौरान। तीनों बार हनुमान जी ने न केवल भक्त को भगवान से मिलाया बल्कि संकट भी दूर किए। यही सच्चे भक्ति की पहचान है। दूसरे का कष्ट हरे वहीं सच्ची भक्ति है, जो हनुमान जी की इस रूप की विशेषता है। हनुमान जी के इस रूप की भी साधना करनी चाहिए। उन्होंने भगवान की प्राप्ति के लिए पवित्र स्थान की महत्ता बताते हुए कहा कि शुद्ध भूमि में साधना करने से ईश्वर की जल्दी प्राप्ति होती है। पवित्र और अपवित्र स्थान का तन, मन व विचारों पर पड़ता है। इसके लिए उन्होंने माता सीता की खोज में निकले भगवान राम और लक्ष्मण के एक प्रसंग का उदाहरण भी दिया। प्रवचन के बाद हनुमान चालीसा का पाठ के साथ ही आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन शामिल रहे।

#### भजन की मनमोहक प्रस्तुति पर झूमे श्रद्धालु

श्री मारूति महायज्ञ के चौथे दिन दोपहर से शाम साढ़े चार बजे तक भजन का कार्यक्रम हुआ। शानदार भजन की प्रस्तुति से उपस्थित श्रद्धालु झूम उठे। राजीव लोचन म्यूजिकल ग्रुप परसकोल ने एक से बढ़कर एक भजन की प्रस्तुतियां दी। जिससे माहौल भक्तिमय रहा।

सोमवार को पूर्णाहुति, निकलेगी आभार शोभायात्रादादाबाड़ा में आयोजित श्री मारूति महायज्ञ का कल सोमवार को समापन होगा। इस दिन श्री मारूति महायज्ञ के तहत पूर्णाहुति होगी। बाद इसके कन्या भोजन कराया जाएगा। बाद इसके प्रवचनकर्ता बालयोगी विष्णु अरोड़ा सहित विप्रजनों का अभिनंदन किया जाएगा। बाद इसके आभार के रूप में नगर में शोभायात्रा निकाली जाएगी।

# 229 बटालियन मुख्यालय में शौर्य दिवस पर जवानों की शहादत को याद किया गया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 10 अप्रैल ।** दिनांक 09/04/2023 के दिन जिला बीजापुर में तैनात केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 229 बटालियन के मुख्यालय में श्री पुष्पेन्द्र कुमार, कमाण्डेंट 229 बटालियन, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के निर्देशानुसार शौर्य दिवस का आयोजन किया गया । शौर्य दिवस के आयोजन के अंतर्गत 229 बटालियन के सभी अधिकारीगण एवं जवान उपस्थित हुए जिसके उपरांत इस बटालियन के श्री पुष्पेन्द्र कुमार, कमाण्डेंट-229 बटालियन द्वारा सभी को सम्बोधित किया गया ।अपने सम्बोधन में श्री पुष्पेन्द्र कुमार, कमाण्डेंट 229 बटालियन द्वारा इस दिवस की उपयोगिता के बारे में बताते हुए कहा गया कि आज ही के दिन दिनांक 09, अप्रैल, 1965 में पाकिस्तान द्वारा भारतीय सीमा चौकियों के विरुद्ध भारत से सटे हुए भाग को अपने अधिकार में लेने के लिए, रन ऑफ कच्छ (गुजरात) में ÷ऑपरेशन डेज़र्ट हॉक÷ चलाया गया था जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की द्वितीय बटालियन की एक कम्पनी द्वारा पाकिस्तान की एक इन्फैंट्री ब्रिगेड के इस हमले को विफल कर दिया जिसमें इस बल के 08 जवानों ने शहादत दी एवं पाकिस्तान के 34 जवान मारे गये थे जिसके बाद से यह दिवस ÷शौर्य दिवस÷ के नाम से मनाया जाता है । अपने सम्बोधन में उन्होने कहा कि वर्तमान में यह बटालियन अति संवेदनशील एवं नक्सल प्रभावी क्षेत्र में तैनात है जिसमें हमें पूर्ण सजगता तथा सावधानी के साथ कार्य करने की आवश्यक्ता है ।इस अवसर पर, बल के सभी शहीद बहादुर जवानों को शहीद स्मारक पर श्रद्धांजली अर्पित की गई एवं उन सभी लोगों को याद किया गया जिन्होनें देश की सेवा एवं बल का नाम ऊंचा करने में अपने प्राणों की भी परवाह न करते हुए अपने कर्तव्य का पालन किया। साथ ही वाहिनी में पदस्थ वीरता पदक से सम्मानित अधिकारियों व कार्मिकों को सैपलिंग भेंटकर सम्मानित किया गया ।

### कमिश्नर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जिलों में गठित ओव्हीरसाईट कमेटी की समीक्षा की

**जगदलपुर, 10 अप्रैल ।** कमिश्नर श्री श्याम धावड़े ने संभाग से सभी जिलों के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिलों में गठित जिला स्तरीय ओव्हीरसाईट कमेटी के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार मानव अधिकार के तहत जिलों के सभी थानों में सीसीटीवी की स्थापना तथा उसके डाटा संधारण के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। सभी जिलों के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने जिलों में किए गए सीसीटीवी से संबंधित कार्यों की जानकारी दी। जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप, कलेक्टर श्री चंदन कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र मीणा, अपर कलेक्टर श्री हरेश मंडावी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निवेदिता पॉल, डिप्टी कमिश्नर माधुरी सोम उपस्थित थे।

# सीएम का ट्रक-ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने किया स्वागत



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 10 अप्रैल।** भिलाई प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का छावनी में छत्तीसगढ़ ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन एवं भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। कल मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी का छावनी में छत्तीसगढ़ ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन एवं भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह छोटू के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ट्रांसपोर्टर छावनी पहुंचे थे जहाँ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का फूल-मालाओं और गुलदस्ते से स्वागत अभिनन्दन किया गया। मुख्यमंत्री भूपेश सहृदयता के साथ ट्रांसपोर्टरों से मुलाकात कर उनका अभिनन्दन स्वीकार किया और कहा कि ट्रांसपोर्ट का व्यवसाय राज्य में फैले फूले और राज्य के विकास में सहायक बने इसके लिए वे हर सम्भव प्रयास करेंगे। इस दिशा में उन्होंने ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू के कार्यों की प्रशंसा की। इस अवसर पर संरक्षक अचल सिंह भाटिया, अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू, महासचिव मलकीत सिंह, गोकुल शर्मा, निर्मल सिंह, अनिल चौधरी, जोगाराव, संदीप सिंह, दिलीप खटवाणी आदि उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### विधायक कप 2023 रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ आगाज,



**बीजापुर, 10 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** बहु प्रतीक्षित विधायक कप 2023 रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आज शाम विधायक विक्रम मंडावी के हाथों उद्घाटन संपन्न हुआ। उद्घाटन अवसर पर पहला बॉल नगर पालिका अध्यक्ष बेनहुर रावतिया ने फेकी जिसे विधायक विक्रम ने बल्लेबाजी करते हुए बॉल को बाउंड्री तक पहुंचा दिया ।उद्घाटन अवसर पर विक्रम मंडावी ने कहा की यहां के खेल प्रेमियों की लंबे समय से मांग रही की फ्लड लाइट लगाई जाए ताकि रात्रिकालीन मैच यहां मिनी स्टेडियम में किया जा सके। प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल की मंशा पारंपरिक खेलों के साथ अन्य खेलों को बढ़ावा देने की रही है, जिसका परिणाम है की बीजापुर जैसे अति पिछड़े इलाके से युवा विभिन्न खेलों में अपना परचम लहरा रहे हैं। प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल ने 62 लाख रुपए की लागत की फ्लड लाइट सौगात दी है। क्रिकेट मैच में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ी खेल भावना के साथ खेलेंगे और उम्मीद है की निर्णायकों के निर्णय का सम्मान करेंगे।प्रतियोगिता के आयोजक मॉर्निंग क्लब के प्रमुख नरेंद्र सिंह नाग मिंटा और जितेंद्र हेमला ने बताया की प्रतियोगिता में 64 टीमें हिस्सा ले रहीं है। यह मैच संध्या कालीन है जिसमे 10-10 ओवर के मैच खेले जाएंगे। प्रतियोगिता 17 दिनों में पूरा होगा जिसमे 900 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। पहला पुरस्कार 1 लाख ग्यारह हजार और कप, द्वितीय पुरस्कार 51 हजार और कप, तीसरा 21 हजार और कप तथा चौथा 11 हजार और कप का पुरस्कार रखा गया है। इसके अलावा मैन ऑफ द सीरीज, मैन ऑफ द मैच, बेस्ट बॉलर, बल्लेबाज सहित अन्य पुरस्कार रखे गए हैं।आज प्रतियोगिता के शुभारंभ पर पहला मैच पुतकेल व रेंगानार के मध्य खेला गया।आज रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ में जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम,जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लालू राठौर,जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम, नगर पालिका अध्यक्ष बेनहुर रावतिया,नगर पालिका उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सल्लुर,जनपद अध्यक्षा श्रीमती बोधि ताती,जनपद उपाध्यक्ष सोनू पोटाम,पीसीसी सदस्य जय कुमार नायर,महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव शेख रजिया,पार्षद कलाम खान,पार्षद जितेंद्र हेमला,पार्षद कविता यादव,पार्षद लक्ष्मण कड़ती,नगर अध्यक्ष संतोष गुप्ता,श्यामू गुप्ता,आदि थे।

### शहीद बुधराम राणा नगर वार्ड में पानी की समस्या का हुआ समाधान



**बीजापुर, 10 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** शहीद बुधराम राणा नगर वार्ड में सालो से पेयजल पानी को लेकर हो रही समस्या के ज्ञापन सौंपने के महज एक सप्ताह के भीतर नगर पालिका प्रशासन हरकत में आया और वार्ड में समाधान के लिए पुराने पाइप को बदलकर नई पाइप लाइन बिछाई गई है।ज्ञात को कि पूर्व एक सप्ताह पहले भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पार्षद नंद किशोर राणा ने अपने वार्ड में हो रही पानी की समस्याओं को लेकर वार्डवासियों के साथ कलेक्टर राजेन्द्र कटारा को ज्ञापन सौंपा था। जिस पर कलेक्टर द्वारा नगर पालिका सीएमओ को फोन कर लोगों को हो रही पानी की समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया गया था।कलेक्टर के निर्देश और पार्षद नंद किशोर राणा के प्रयासों से रविवार को पुरानी और लीकेज पाइप लाइन की जगह 6 नई पाइप लाइन बिछाई गई वार्ड पार्षद नंद किशोर राणा ने कहा कि उनके वार्ड में पानी की समस्या लोगों के लिए एक विकराल समस्या बन गई थी। पूर्व में इस संदर्भ में संबंधित अधिकरियों को सूचित कर चुके थे। किंतु समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा था। तत्कालिक पेयजल समस्या का समाधान होने के बाद वार्ड वासियों और पार्षद ने कलेक्टर राजेन्द्र कटारा व नगर पालिका सीएमओ बंशी लाल नेरूटी का धन्यवाद ज्ञापित किया । जिन्होंने लोगों को हो रही समस्या को समझा और उनका त्वरित समाधान किया। इसी क्रम में पुराने जर्जर पाइप लाइन की जगह 6 नई पाइप लाइन बिछाई गई है। उन्होंने कलेक्टर और सीएमओ के साथ ही पाइप लाइन बिछाने वाले नगर पालिका के कर्मचारी सोनू राम टेलम कमलेश पटेल, विकास टाटी ,प्रेम पसपुल, लक्मन तेलम छत्रपाल साहू, अर्जुन कडती, वीर सिंह मांजी ,बद्री नारायण एंजा को भी वार्डवासियों ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### सन्ड्रेल में ब्लाक स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारम्भ



**बीजापुर, 10 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** जिले के सूदूर ग्राम पंचायत मुरकीनार के सन्ड्रेलमें ग्रीष्म कालीन ब्लॉक स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम ने फीता काट कर किया ।पहला मुकाबला शनिवार को एंगपल्ली और आवापल्ली के मध्य खेला गया ।इस दौरान विधायक प्रतिनिधि उसूर मनोज अवलम जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस कामेश मोरला, विधानसभा अध्यक्ष आईटी सेल सोशल मीडिया शंकर खटबिना, मुरकीनार के सरपंच नागेश आंगनपल्ली , वार्ड पंच सुरेश चांपा ,पुजारी,पेरमा, पटेल ग्राम प्रमुख एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### रेत परिवहन कर रहे दो वाहनों को नक्सलियों ने किया आग के हवाले



**बीजापुर, 10 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** जिले के थाना क्षेत्र भैरमगढ़ के मंगलनार में रेत परिवहन कर रहे दो ट्रैक्टरों को अज्ञात माओवादियों ने आगजनी की घटना कर वाहनों को नुकसान पहुंचाया ।सूत्रो के मुताबिक घटना रविवार दोपहर की बतायी जा रही है ।मंगलनार घाट से रेत भरने पहुंचे दो ट्रेक्टर को ग्रामीणों के वेश में आए हथियार बंद नक्सलियों ने डीजल टंकी फोड़ कर आगजनी की घटना कर वहां से फरार हो गए ।हालांकि इस घटना में नक्सलियों ने किसी को कोई चोट नहीं पहुंचाया है ।एसपी आंजनेय वार्ष्णेय ने बताया ,कि मंगलनार घाट पर रेत परिवहन करने गई दो ट्रेक्टरों में अज्ञात माओवादियों ने आगजनी की। ट्रेक्टर बंडलपाल के ग्रामीण का है जो अपने घर पर निर्माण कार्य हेतु रेत परिवहन करने मंगलनार घाट गया हुआ था।

## एक नजर

### हनुमान जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा का माहेश्वरी निवास में हुआ स्वागत



भाटापारा, 10 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर भाटापारा शहर में निकली शोभायात्रा का प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी के निवास कार्यालय के सामने मंच लगाकर फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान शोभायात्रा में शामिल बाल हनुमान और जनसमुदाय को ठंडा पेय पदार्थ का वितरण किया गया। हनुमान जन्मोत्सव पर भाटापारा में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें बाल हनुमान बने बड़ी संख्या में बच्चे शामिल हुए। महिलाएं और लड़कियां माथे पर कलश लेकर शोभायात्रा में चल रही थी। हनुमान जी का जीवंत झांकी के साथ इस शोभायात्रा का सुनील माहेश्वरी के भाटापारा निवास कार्यालय के सामने पहुंची। यहां भगवान हनुमान की पूजा अर्चना कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। माहेश्वरी ने कहा कि हनुमान जी संकट मोचक हैं। क्षेत्र वासियों का हर तरह का संकट हनुमान जी दूर करें यही कामना और प्रार्थना उनसे की गई है। हनुमान जी का जन्मोत्सव आज पूरा देश मना रहा है, सभी वर्ग में हनुमान जी पूज्य हैं। बहुत बड़े वर्ग के कुलदेव होने और भगवान राम के प्रिय भक्त, भगवान रुद्र अवतारी होने से वे सभी के प्रिय हैं।

### पेंशनर्स एसोसिएशन डोंगरगढ़ की मासिक बैठक 11 अप्रैल को

डोंगरगढ़, 10 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक माह अप्रेल की 11 अप्रैल को कार्यालय पेंशनर भवन में ग्यारह बजे रखी गई है। बैठक में पेंशनरों के पेंशन सम्बधिं कठिनाइ?यो एवम् महंगाई भत्ता के सम्बंध और चर्चा तथा संघ के दिवगंत पेंशनरों को श्रद्धांजली देते हुऐ सभा समाप्ति की घोषणा की जायेगी। उक्त बैठक को सफल बनाने के लिऐ संघ के अध्यक्ष ललील किशोर नारंग द्वारा समस्त पेंशनरों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है।

### शराब की अवैध बिक्री करते आरोपी गिरफ्तार, 31 पौवा देशी मशाला जब्त

बलौदाबाजार, 10 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। उप पुलिस महा निरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा द्वारा अवैध जुआ सटटा एवं अवैध शराब के उपर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये थे जिसके पालन मे अति0पु0अ0 सचिन्द्र चौबे एंव उप पुलिस अधीक्षक अनुप वाजपेयी बलौदाबाजार के मार्ग दर्शन मे थाना प्रभारी थाना गिधपुरी आशीष सिंह राजपुत के कुशल नेतृत्व में धर पकड कार्यवाही हेतु स्टाप रवाना हुआ था कि 3 अप्रैल को मुखबीर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति भरुवाडीह पुल के पास थैला मे शराब रखा हुवा है कि सूचना तस्दीक पर हमराह स्टाफएवं गवाहान के रेड कार्यवाही कर आरोपी लेखराम साहू पिता अगरमन साहू उम्र 37 साल साकिन भरुवाडीह थाना गिधपुरी को अवैध शराब के साथ रंगे हाथ पकड़े आरोपी से एक कपडे का थैला मे रखे 31 पौवा देशी मशाला शराब, कीमती 3410 रूपये को समक्ष गवाहन के वजह सबुत मे जप्त कर कब्जा पुलिस मे लिया गया आरोपी का कृत्य अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का घटित करना पाए जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

### बृजमोहन अग्रवाल के बड़े भाई महावीर अग्रवाल का निधन

रायपुर, 10 अप्रैल। स्व. हरद्वारी लाल के पुत्र, रामजी लाल, बिशन लाल अग्रवाल के भतीजे और



भाजपा विधायक बृजमोहन अग्रवाल के बड़े भाई महावीर अग्रवाल का सोमवार सुबह निधन हो गया। वे पूरन लाल अग्रवाल के छोटे भाई, कैलाश अग्रवाल, अशोक अग्रवाल के बड़े भाई, सुमित-मुकेश के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा 10 अप्रैल को दोपहर 3 बजे मौलश्री विहार रामजी वाटिका वीआईपी रोड से मारवाड़ी श्मशान घाट, बूढ़ापारा जाएगी।

# नशाखोर शिक्षकों से कैसे सुधरेगा प्रदेश के नौनिहालों का भविष्य

**» निलंबित करना पर्याप्त नहीं, बर्खास्तगी जरूरी » स्कूल में आकर सोने वाले शिक्षक की रोकी गई वेतनवृद्धि**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**कसडोल, 10 अप्रैल।** बलौदाबाजार जिला कसडोल विधानसभा में दो नशेड़ी शिक्षकों को निलंबित किया गया। स्कूल को शिक्षा का मंदिर और शिक्षकों को गुरु का दर्जा दिया गया है। गुरुः ब्रह्मा, गुरुः विष्णु, गुरुः देवो महेश्वरा ; गुरुदेव साक्षात परब्रह्मा तस्मै गुरुवे नमः! गुरु ही नशे कि हालत में स्कूल पहुँचे तो बच्चों के भविष्य का क्या होगा? इसे सोचने और समझने वाली बात है। ऐसे शिक्षक बच्चों के भविष्य पर ग्रहण लगाने का काम कर रहे है।

एक मामला कसडोल विकासखण्ड के पूर्व माध्यमिक शाला नवापारा (अमोंदी/कटगी) से जहाँ प्रधान पाठक सहित चार शिक्षक पदस्थ है। चारों शिक्षा विभाग से बराबर तनख्वाह लेते पर अपने मनमर्जी से काम करते हुए सरकारी आदेशो की धज्जियां उड़ाते हुए देखे जाते थे। जिसकी शिकायत पालक और बच्चों ने मिलकर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी राधेलाल जायसवाल से किया था। शिकायत के आधार पर जाँच करने के लिए सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी रमाकांत देवांगन स्कूल पहुँचे थे। जहाँ जांच अधिकारी ने पालक व विद्यार्थियों, शिक्षको के सामने जांच कर पंचनामा तैयार किया। पालक और बच्चों ने प्रधानपाठक नारायण टंडन और शिक्षक छोटुदास महंत पर शराब पीकर नशे की हालत में स्कूल पहुंचने का आरोप लगाया था। जाँच प्रतिवेदन के आधार पर दोनो शिक्षको को सस्पेंड किया गया है और विकासखण्ड कार्यालय कसडोल में उपस्थित रहने का आदेश दिया गया है। वही वंदना शर्मा पर समय में स्कूल नही आने का आरोप लगाया था, साथ ही ललितनारायण शर्मा पर समय पर स्कूल नही आने और कभी आ जाते। तो क्लास रूम में सोने का आरोप बच्चों और पालकों ने लगाया था। इन दोनों पर कार्यवाही करते हुए एक इन्क्रीमेंट रोकने का आदेश जारी किया गया है। राज्य सरकार शिक्षा को लेकर बड़े- बड़े दावे करती नजर आती है परन्तु ऐसे शिक्षकों के कारण शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह से बर्बाद होती नजर आ रही है।

### विकास खंड शिक्षा अधिकारी का कहना है

विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी राधेलाल जायसवाल का कहना है - शिकायत और जाँच प्रतिनिवेदन के आधार पर वंदना शर्मा और ललित नारायण शर्मा का एक इन्क्रीमेंट रोकने का आदेश दिया गया है और प्रधानपाठक नारायण टंडन और छोटू दास महंत को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए विकासखण्ड मुख्यालय कसडोल में संलग्न किया गया है।

# मुख्यमंत्री की जगदलपुर में भरोसा सम्मेलन को लेकर जिला कांग्रेस की बैठक

**सम्मेलन में प्रियंका गांधी भी करेंगी शिरकत**



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 10 अप्रैल।** 8 अप्रैल को जिला कांग्रेस कमेटी दंतेवाड़ा के द्वारा 13 अप्रैल को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की भरोसा सम्मेलन जो जगदलपुर में हो रहे को लेकर संगठन के पदाधिकारियों से प्रदेश महामंत्री यशवर्धन राव, विधायक देवती कर्मा एवं जिला अध्यक्ष अवधेश गौतम ने बैठक लिया।

इस सम्बंध में जिला अध्यक्ष बैठक में कहा कि कार्यक्रम में शामिल होने को लेकर सभी ब्लॉक अध्यक्ष, जोन स्तर, सेक्टर, बूथ स्तर के अध्यक्ष से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। सभी संगठन ब्लॉकों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को सम्मेलन में ले जाने के लिये कहा गया। बैठक में उपस्थित पीसीसी मेंबर छबिंद्र कर्मा जी, जिला पंचायत अध्यक्ष तूलिका कर्मा, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, सीजी मदरसा बोर्ड के सदस्य शकिल रिजवी, जिला महा मंत्री संगठन सलीम रजा उस्मानी, जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा, मनीष भटाचार्य, मंगल यादव, मृणाल रॉय, रितेश जैन, विवेक देवांगन, कमलोचन सेठिया, भास्कर, तंपन दास, मनकू राम लेकामी, अमूलकर नाग, आसिफ रज़ा, नाहरू राम, अनिल जायसवाल, भीमा मंडावी, सरपंच अनिल कर्मा, सन्तु कुंजाम, रैतु मंडावी, जोगा कर्मा, राजू भास्कर, नंदा कुंजाम, सुरेंद्र भोयर, मीना मंडावी, रतनी मंडावी, संजीव साव, रविश सुराना, रूपधर नाग, राजू रेड्डी, विद्या सेन, प्रवीण राणा, मन्नू वर्गीस, आकाश विस्वास, राकेश कर्मा, रजत दहिया, कमलु अतरा, जितेन्द्र कश्यप, एवं सभी जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी उपस्तिथ थे।

# बेमेतरा कांड के विरोध में देवभोग रहा बंद



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**देवभोग, 10 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के बेमेतरा में दो समुदायों में भड़की हिंसा के दौरान युवक की हत्या के विरोध में विश्व हिंदू परिषद ने आज पुरे छत्तीसगढ़ में बंद का आह्वान किया है। इसी बंद के आह्वान में आज देवभोग नगर भी पूर्ण रूप से बंद रहा। नगर के व्यापारियों ने बंद को समर्थन दिया। यहां बताना लाजमी होगा कि बेमेतरा जिले के साजा अंतर्गत बिरनपुर के युवक भुवनेश्वर साहू की निर्ममता से हत्या की गई थी। नगर में भ्रमण करने के दौरान विश्व हिंदू परिषद के सुभाष दौरा, गौरीशंकर कश्यप और नागेश्वर मोरे ने कहा कि 22 वर्षीय युवक की हत्या हृदय विदारक घटना है। सभी ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद इस सम्पूर्ण घटना की न्यायिक जाँच की मांग करती है। इसके साथ ही दोषियों को कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग करती है।

**यह है पूरा मामला:** दरअसल, बेमेतरा में साइकिल से कट मारने को लेकर स्कूली बच्चों में विवाद हो गया था. बाद में बच्चों का विवाद बड़ो तक पहुंच गया और दो पक्षों में जमकर खूनी संघर्ष हो गया. इसी विवाद में 23 वर्षीय युवक भुवनेश्वर साहू की हत्या कर दी गई. बेमेतरा के बिरनपुर गांव में शनिवार को यह वारदात हुई थी।

### समर्थन में व्यापारियों ने बंद रखी अपनी दुकानें

तिल्दा-नेवरा, 10 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। हिंदू सगठन ने बीजेपी के समर्थन से तिल्दा नेवरा के व्यापारियों ने अपनी अपनी दुकानें बंद की। स्टेशन सिंधी कैंप नेवरा की सभी दुकानें बेमेतरा की घटना के विरोध में बंद रही है। सुबह से बीजेपी के नेता बंद करवाने दिखाई दिए। पुलिस थाना प्रभारी दल बल के साथ शांति बनाने प्रदर्शन कारियो के पीछे पीछे पुलिस चल रही थी। बंद को देखते हुए। पुलिस सक्रिय दिखाई दी।

### साहू संघ कैंडल मार्च निकालकर देगा भुनेश्वर को श्रद्धांजलि

डोंगरगढ़, 10 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बेमेतरा जिला के ग्राम बिरनपुर में मुस्लिम जिहादियों द्वारा साहू समाज के युवा साथी भुनेश्वर साहू की निर्मम हत्या की गई। जिसके विरोध में 10 अप्रैल को शाम 6:00 बजे पुराना भवन साहू धर्मशाला से कैंडल मार्च जय स्तंभ चौक तक रैली निकालकर किया जाएगा। जिहादियों के इस हत्याकांड में शामिल लोगों को छत्तीसगढ़ सरकार से कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग साहू समाज द्वारा किया जाता है। अतः तहसील साहू संघ, नगर साहू संघ, सभी परिक्षेत्रों, मंडलो के सभी पदाधिकारीगण, पार प्रमुखगण, समाज के प्रबुद्धगण, विशेष रुप से एकत्रित होकर भुनेश्वर साहू को विनम्र श्रद्धांजलि देने के लिए अपील की जाती है।

### जिले के 5 आरक्षक पदोन्नत होकर बने प्रधान आरक्षक

बलौदबाजार, 10 अप्रेल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। 1 अप्रैल को पुलिस कार्यालय में आरक्षक क्र. 171 दिनेश कुमार कुर्रे, आरक्षक क्र. 154 कमल कुमार कैवर्त्य, आरक्षक क्र, 236 शेखर सिंह चंदेल, आरक्षक क्र. 235 मनोज कुमार वर्मा एवं आरक्षक क्र. 237 चैतराम जोशी का प्रधान आरक्षक के पद पर विभागीय पदोन्नति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा एवं अभिषेक सिंह उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय द्वारा सभी पांच आरक्षकों के बांह पर फ्टि्री लगाकर पदोन्नति की प्रक्रिया पूर्ण की गई। इस अवसर पर सभी पदोन्नत प्रधान आरक्षकों के परिवार के सदस्य भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। उन्होंने भी पदोन्नत प्रधान आरक्षकों के बांह में फ्टि्री लगाते हुए एवं मिठाई खिलाकर प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नत होने की शुभकामनाएं दिया।

# माहेश्वरी ने किया 10 लाख के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 10 अप्रैल।** भाटापारा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के विधानसभा प्रत्याशी रहे प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी के पुत्र संकेत माहेश्वरी के जन्मदिन के मौके पर सिमगा ब्लॉक के ग्राम कामता के लोगों ने कार्यक्रम किया। इसमें 9 वर्ष के संकेत माहेश्वरी ने 10 लाख के निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया। इतने छोटे बच्चे के द्वारा भूमि पूजन अंचल का पहला मामला है। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि सियाराम राकेश एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता गणेश गोस्वामी ने कहा कि हमारे गांव के चौमुखी विकास में प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी का बहुत बहुत बड़ा योगदान है। वह हमारे गांव के बड़े किसान भी हैं और उनका निवास भी कामता के नाम से जाना जाता है। स्वाभाविक रूप से उनके पुत्र के जन्मदिन की खुशी हम सभी को थी। जिसे हमने भूमि पूजन के रूप में मनाया। इसके पूर्व संकेत महेश्वरी का उत्साह पूर्वक केक काटा गया। कामता पंचायत परिवार को जैसे ही पता चला कि संकेत महेश्वरी अपने जन्मदिन के अवसर पर अपने गांव के चितावर



धाम में दर्शन करने पहुंचे है तो उसी समय एकत्रित होकर भूमिपूजन का कार्यक्रम रख दिया गया। कामता के चित्तावर देव धाम स्थल के पास आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्राम के लोग मौजूद थे। यहां पर संकेत माहेश्वरी ने अपने जन्मदिन मनाया साथ ही उन्होंने निर्माण कार्यों की भूमि पूजन किया। उन्होंने यहां पर कामता गौठान रोड के क्रांक्रिटीकरण के लिए स्वीकृत हुए 10 लाख के कामों का चित्तावर देव धाम के पास विधिवत पूजा पाठ कर भूमिपूजन किया। इस मौके पर उन्हें ग्राम के लोगों ने जन्मदिन की बधाई दी। यहां सरपंच सियाराम राकेश, सचिव धीरेंद्र साहू, गणेश गिरी गोस्वामी, उपसरपंच राजू वर्मा, राजकुमार निषाद, तुलसी साहू, काशि यादव, संतोष वर्मा, रमेश ध्रुव आदि मौजूद थे।

# जन सत्याग्रह से लोगों तक संगठन की बात पहुंचाएं : विजय जांगिड़

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 10 अप्रैल।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी द्वारा छत्तीसगढ़ में नियुक्त किए गए संयुक्त सचिव विजय जांगिड़ सिमगा पहुंचे। यहां उनका स्वागत प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी ने किया। जांगिड़ और माहेश्वरी के बीच संगठन को मजबूत करने के संबंध में चर्चा हुई। उन्होंने पार्टी की एकता को बनाए रखने और लोगों को संगठन से जोड़ने के लिए जन आंदोलन को माध्यम बनाने का निर्देश दिया। साथ ही तय कार्यक्रम के अनुसार तेजी से कार्य करने कहा।



श्री माहेश्वरी ने बताया कि राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के मुद्दे को लेकर कांग्रेस ही नहीं देश में एक अलग माहौल बन चुका है। कांग्रेस राहुल गांधी जी के साथ हुई घटना को जन सत्याग्रह के रूप में अभियान चला रही है। इसके माध्यम से पहले प्रदेश, जिला, ब्लॉक स्तर पर हमने जनता के बीच बात रखी है। अब जोन, मंडल और बूथ स्थर पर लोगों से मिलकर पूरे घटनाक्रम की क्रमबद्ध जानकारी देंगे। जिससे भाजपा सरकार की लोकतंत्र के खिलाफ किए जा रहे कार्य को लोग जान सकें। कांग्रेस द्वारा नियुक्त संयुक्त सचिव विजय जांगिड़ जी ने यहां चर्चा के दौरान यह निर्देश दिए हैं। यह भी कहा है कि बूथ और जोन स्तर पर कमेटियां बनाई जाएंगी, कमेटियों का सम्मेलन किया जाएगा, जिससे हर कार्यकर्ता अपने नेता के साथ हुई घटना को जनता तक पहुंचाकर उन्हें बता सके कि कैसे सरकार से सवाल पूछने पर, महंगाई, बेरोजगारी और अडानी के संबंध में जवाब मांगने पर भाजपा की सरकार कार्रवाई कर रही है। कांग्रेस और कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को टार्गेट कर रही है। भाजपा की सरकार किस तरह से लोकतंत्र की हत्या कर रही है, किस तरह से देश की संपत्ति अपने व्यापारी दोस्तों को दे रही है।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**
क्रमांक/15/न.पा./रा.वि./2023-24
तिल्दा नेवरा-दिनांक 06/04/2023

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री कपिल नारायण साहू पिता श्री मनाराम साहू वार्ड क्र. 21 तिल्दा नेवरा द्वारा भूमि/भवन का श्री मदन मोहन शर्मा आत्मज श्री गोविन्दकांत शर्मा वार्ड क्र. 21 तिल्दा नेवरा के द्वारा रजिस्ट्री पंजीयन पश्चात् निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में आवेदन पेश किया गया है।

उक्त भवन डिमांड क्र. 293/21 भूमि खसरा नं. 125/129 शीट नं. प्लाट नं. 27 रकबा 1500 वर्गफुट/हैक्टीयर के भाग को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 06/04/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

मुहर — मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**
क्रमांक/17/न.पा./रा.वि./2023-24
तिल्दा नेवरा-दिनांक 06/04/2023

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती ममता शर्मा पति रितेश कुमार शर्मा वार्ड क्रं. 12 तिल्दा नेवरा द्वारा भूमि/भवन का श्रीमती सीमा शर्मा पति श्री गोविन्द प्रसाद शर्मा वार्ड क्र. 12 तिल्दा नेवरा के द्वारा रजिस्ट्री पंजीयन पश्चात् निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में आवेदन पेश किया गया है।

उक्त भवन डिमांड क्र. 139/12 भूमि खसरा नं. 247/2 शीट नं. 03 रकबा 1689 वर्गफुट/हैक्टीयर के भाग को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 06/04/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

मुहर — मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**
क्रमांक/19/न.पा./रा.वि./2023-24
तिल्दा नेवरा-दिनांक 06/04/2023

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सौरभ अग्रवाल पिता स्व. श्री गिरधारी लाल अग्रवाल वार्ड क्रं. 18 तिल्दा नेवरा द्वारा भूमि/भवन का स्व. श्री गिरधारी लाल अग्रवाल पिता स्व. श्री नत्थूलाल अग्रवाल वार्ड क्र. 17 तिल्दा नेवरा के द्वारा रजिस्ट्री पंजीयन पश्चात् निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में आवेदन पेश किया गया है।

उक्त भवन डिमांड क्र. 19/17 भूमि खसरा नं. 812/2 शीट नं. 05 रकबा 21780 वर्गफुट/हैक्टीयर के भाग को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 06/04/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

मुहर — मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**
क्रमांक/21/न.पा./रा.वि./2023-24
तिल्दा नेवरा-दिनांक 06/04/2023

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सौरभ अग्रवाल पिता स्व. श्री गिरधारी लाल अग्रवाल वार्ड क्रं. 18 तिल्दा नेवरा द्वारा भूमि/भवन का स्व. श्री गिरधारी लाल अग्रवाल पिता स्व. श्री नत्थूलाल अग्रवाल वार्ड क्र. 17 तिल्दा नेवरा के द्वारा रजिस्ट्री पंजीयन पश्चात् निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में आवेदन पेश किया गया है।

उक्त भवन डिमांड क्र. 19/17 भूमि खसरा नं. 812/2 शीट नं. ..... रकबा 24280 वर्गफुट/हैक्टीयर के भाग को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 06/04/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

मुहर — मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**
क्रमांक/23/न.पा./रा.वि./2023-24
तिल्दा नेवरा-दिनांक 06/04/2023

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती कली मसीह स्व. श्री राजेश मसीह वार्ड क्रं. 21 मिशन वार्ड तिल्दा नेवरा द्वारा भूमि/भवन का स्व. श्री राजेश मसीह पिता स्व. श्री हिचकेल मसीह वार्ड क्र. 21 तिल्दा नेवरा के द्वारा मृत्यु दावा एवं शपथ पत्र पश्चात् निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में आवेदन पेश किया गया है।

उक्त भवन डिमांड क्र. 233/21 भूमि खसरा नं. ........ शीट नं. ....... रकबा........ वर्गफुट/हैक्टीयर के भाग को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 06/04/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

मुहर — मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**
क्रमांक/25/न.पा./रा.वि./2023-24
तिल्दा नेवरा-दिनांक 06/04/2023

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सावित्री साहू पति श्री लक्ष्मण प्रसाद साहू वार्ड क्रं. 12 बाजार पारा वार्ड तिल्दा नेवरा द्वारा भूमि/भवन का श्री रमेश कुमार हिंदुजा पिता लेखराम हिन्दुजा वार्ड क्र. 12 तिल्दा नेवरा के द्वारा रजिस्ट्री पंजीयन पश्चात् निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में आवेदन पेश किया गया है।

उक्त भवन डिमांड क्र. 35/12 भूमि खसरा नं. 237 शीट नं. 07 रकबा 823 वर्गफुट/हैक्टीयर के भाग को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 06/04/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

मुहर — मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**
क्रमांक/27/न.पा./रा.वि./2023-24
तिल्दा नेवरा-दिनांक 06/04/2023

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मारीसन अलबर्ट पिता श्री अलबर्ट याकुप वार्ड क्र. 21 तिल्दा नेवरा भूमि/भवन का स्व. श्रीमती बिमला अलबर्ट पति स्व. श्री अलबर्ट याकुप वार्ड क्र. 21 तिल्दा नेवरा के द्वारा मृत्यु दावा पश्चात निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में आवेदन पेश किया गया है।

उक्त भवन डिमांड क्र. 262/21 भूमि खसरा नं. ....... शीट नं. ........ प्लाट नं. ........ रकबा ........... वर्गफुट/हैक्टीयर के भाग को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 06/04/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

मुहर — मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**
क्रमांक/29/न.पा./रा.वि./2023-24
तिल्दा नेवरा-दिनांक 06/04/2023

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री ललीत कुमार सोनी पिता स्व. श्री रमेशचंद्र सोनी वार्ड क्र. 11 तिल्दा नेवरा भूमि/भवन का श्री प्रमोद कुमार सोनी पिता स्व. रमेशचंद्र सोनी वार्ड क्र. 11 तिल्दा नेवरा के द्वारा रजिस्ट्री पंजीयन (दान विलेख) पश्चात निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में आवेदन पेश किया गया है।

उक्त भवन डिमांड क्र. 385/11 भूमि खसरा नं. 450/01 शीट नं. ........ प्लाट नं. ......... रकबा 1000 वर्गफुट/हैक्टीयर के भाग को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 06/04/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

मुहर — मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**
क्रमांक/31/न.पा./रा.वि./2023-24
तिल्दा नेवरा-दिनांक 06/04/2023

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री महेश कुमार शर्मा पिता श्री सूरजमल शर्मा वार्ड क्र. 16 तिल्दा नेवरा भूमि/भवन का श्री मनोहर राव, विनायक रॉव पिता गणेश रॉव, हिमांशी, यामी वगैरहा वार्ड क्र. 07 तिल्दा नेवरा के द्वारा रजिस्ट्री पंजीयन पश्चात निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में आवेदन पेश किया गया है।

उक्त भवन डिमांड क्र. 413/07 भूमि खसरा नं. 114/02 शीट नं. ........ प्लाट नं. ......... रकबा 2906 वर्गफुट/हैक्टीयर के भाग को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 06/04/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

मुहर — मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा




# बढ़ाकर मान, किया सम्मान

## बजट 2023-24 में मानदेय में इजाफा

- आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का 6,500 से बढ़ाकर **10,000 रु**
- आंगनबाड़ी सहायिका का 3,250 से बढ़ाकर **5,000 रु**
- मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता 4,500 से बढ़ाकर **7,500 रु**
- मितानिन को प्रतिमाह **2,200 रु** अतिरिक्त

## छत्तीसगढ़ सरकार, भरोसे की सरकार

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprCg.gov.in छत्तीसगढ़ जनसम्पर्क

छत्तीसगढ़ संवाद-आर.ओ./ 36010/1

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23